## खबर संक्षेप

### दमुआ कॉलेज में मनाया विश्व हिंदी दिवस

**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में शनिवार को विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर विविध शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदी भाषा के महत्व, उसकी वैश्विक पहचान तथा भारतीय संस्कृति में उसकी भूमिका को रेखांकित करना रहा।कार्यक्रम का संयोजन डॉ. विनिता धुर्वे एवं डॉ. पुष्पा मौर्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने हिंदी को राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समरसता एवं भावनात्मक अभिव्यक्ति की सशक्त भाषा बताते हुए इसके संरक्षण एवं संवर्धन पर जोर दिया।इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा हिंदी कविता पाठ, भाषण एवं विचार अभिव्यक्ति जैसी गतिविधियाँ प्रस्तुत की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. सरिता पाल द्वारा किया गया।महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी हमारी सांस्कृतिक पहचान की आत्मा है तथा यह समाज को जोड़ने का कार्य करती है।स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा सेवा सप्ताह अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम,बाल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नीरज कुमार सल्लाम प्रभारी एवं सह समन्वयक सुषमा टांडेकर का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में डॉ. दिलीप ढोबाले ने आभार व्यक्त किया।

### अंतरराष्ट्रीय हिंदी दिवस का आयोजन

**छिंदवाड़ा।प्रधानमंत्री** कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के हिंदी एवं प्रयोजन मूलक हिन्दी विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हिंदी दिवस का आयोजन किया गया । जिसमें प्रो० उर्मिला खरपूसे ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी भाषा के स्थापथ्य पर अपने विचार व्यक्त किए, साथ ही डॉ सुशील व्यवहार ने हिंदी की उपयोगिता के साथ अन्य भाषाओं की उपयोगिता पर भी अपना अपने विचार व्यक्त किए । डॉ रचना लारिया ने कहा कि भाषा संस्कृति की संवाहक होती है और संस्कृति भाषा कि संवाहक, भाषा और संस्कृति परस्पर एक दूसरे पर आश्रित है । कार्यक्रम का संचालन टीकमणी पटवारी के द्वारा किया गया । विभागीय सदस्य हर्षुल रघुवंशी एवं शैलकुमारी धुर्वे सहित स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के अधिकतम विद्यार्थी गण कार्यक्रम में उपस्थित रहें।

### कंपनियों में लगातार हो रहे हाथ से प्रबंधन श्रम विभाग चुप

# गुलशन कंपनी में बेल्ट में फंसने से कामगार की दर्दनाक मौत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

बोरगांव औद्योगिक क्षेत्र से एक बार फिर दिल दहला देने वाली खबर सामने आ रही है। यहाँ स्थित गुलशन कंपनी में बॉयलर बेल्ट में फसने के कारण एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई है। लगातार हादसो से बोरगांव की फैक्ट्रियां अब मजदूरों के लिए 'डेथ ट्रैप' बनती जा रही हैं।इबावजूद इसके कंपनी प्रबंधन एवं श्रम विभाग के अधिकारियों की नींद नहीं खुल रही है,शनिवार को हुई घटना में कबर पीपला निवासी कामगार धनराज गुजवार 54 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कामगार की शाम 4 बजे के लगभग गुलशन कंपनी में बॉयलर में सफाई करने के दौरान बेल्ट में फंसने के कारण मौत हो गई है। कहां जा रहा है।घंटो तक कामगार धनराज की लाश बेल्ट में फसी रही थी।घटना की जानकारी कामगारों को मिलने के बाद में कंपनी में हाहंकार मच गया है।इस दोरांन सौसर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल, लोधीखेड़ा थाना प्रभारी ए. बी. मर्सकोले, कॉलेज सौसर थाना प्रभारी रूपलाल उईके टीम के साथ में पहुंचकर मोर्चा संभाला।

### मासूम कामगारों की हो रही मौ, गंभीर नही प्रबंधन और प्रशासन

गुलशन कंपनी के बेल्ट में फंसकर मजदूर की दर्दनाक मौत कोई पहला हादसा नहीं है।इसके पूर्व भी कई हाथ से औद्योगिक इकाइयों में श्रम विभाग के अधिकारियों की लापरवाही ओर सुरक्षा के बेहतर इंतेजामत नहीं होने के कारण हो चुके हैं।औद्योगिक इकाइयों में ठेका पद्धति से चल रहे कार्यों में सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर काम कराने की जिद में मासूम कामगारों जान जा रही है। शनिवार को कामगार धनराज की मौत का मंजर इतना खौफनाक था कि उसकी लाश घंटों बेल्ट में फंसी रही, जो कंपनी की संवेदनहीनता और लचर सुरक्षा व्यवस्था की गवाही दे रही है। कामगारों का कहना है कियह कोई सामान्य दुर्घटना नहीं है, बल्कि सीधे तौर पर प्रबंधन की लापरवाही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, काम करते समय न तो सुरक्षा का इंतजाम था और न ही बेल्ट की गुणवत्ता की जांच की गई थी। बेल्ट में फंसी हुई धनराज की लाश चीख-चीख कर सवाल पूछ रही है कि आखिर कब तक मजदूरों के खून से फैक्ट्रियों का टर्नओवर बढ़ाया जाएगा,आखिर विभाग के अधिकारी किसके दबाव में खामोश हैं? क्या श्रम विभाग और सुरक्षा की निरीक्षकों की जेबें इतनी भारी कर दी गई हैं कि उन्हें मजदूरों की चीखें सुनाई नहीं देतीं।

### कंपनियों में लगातार हो रहे हादसे अधिकारी मौन

हाल ही में दो दिन पूर्व औद्योगिक क्षेत्र की केजीबी कंपनी में एक कामगार ऊपर से गिरने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया था, इसके बाद में अब यह बड़ा हादसा हो गया है। लगातार औद्योगिक क्षेत्र की कंपनियों में हो रहे हैं हादसों के कारण कामगारों में कंपनियां प्रबंधन के प्रति आक्रोश एवं कार्य को लेकर दर पनप रहा है।विधायक विजय चौरे ने कामगारों से चर्चा करते हुए बताया कि बहुत दर्दनाक घटना है, ऐसी घटनाएं होनी नहीं चाहिए, जब तक कामगार को न्याय नहीं मिलेगा तब तक में बाहर नही जाउगा, घटना कैसे हुई इसकी पूरी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए साथ ही दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए, पीड़ित को न्याय मुआवजा सारी चीजे मिलनी चाहिए, मैं और पूरी कांग्रेस परिवार मृतक के परिजनों ओर कामगारों के साथ हु। समाचार लिखे जाने तक कंपनी परिसर में गहमा गहमी और अधिकारियों के द्वारा जांच चर्चाये की जा रही थी।

## हत्या के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने पहुंचाया जेल

**जुन्नारदेव।** जुन्नारदेव पुलिस ने हत्या के तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। इसके बाद आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। शुक्रवार को सरकारी अस्पताल जुन्नारदेव से मृतक लखनलाल यदुवंशी पिता नन्दलाल यदुवंशी उम्र 65 वर्ष निवासी वार्ड नं. 10 पंचशील कालोनी सोमाटेकडी जुन्नारदेव की मृत्यु के संबंध में सीएचसी. जुन्नारदेव से सूचना प्राप्त होने पर थाना में मर्ग क्रं. 01/2026 धारा 194 बीएनएसएसकायम कर जांच की गई। जांच के दौरान मृतक लखनलाल यदुवंशी के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया जिसमे डॉक्टर के द्वारा मृतक की मृत्यु का कारण मृतक के शरीर में आई हुई चोटे/आंतरिक चोटों के फलस्वरूप रक्त स्त्रात होने से हेमोथोरेक्स होने के कारण होना लेख किया गया। घटना के चश्मदीद साक्षीगणो से पूछताछ करने पर पाया गया कि 9 जनवरी शुक्रवार को दोपहर करीब 12.30 बजे मृतक के कुआँ वाले खेत में लगी फसल को आरोपियों की गाय, भैसो के द्वारा खेत में घुसकर खाने की बात को लेकर मृतक लखनलाल यदुवंशी के साथ आरोपीगण धनलाल यदुवंशी, राजकुमार यदुवंशी एवं ज्ञानचंद यदुवंशी के द्वारा लडाई झगडा कर राजकुमार उर्फ राजा यदुवंशी, धनलाल यदुवंशी और ज्ञानचंद यदुवंशी के द्वारा मृतक लखनलाल यदुवंशी को जान से मारने की नीयत से कुल्हाड़ी एवं लठ से मारपीट कर मृतक की बांयी पसली के पास एवं पीठ में बाएं तरफ चोट पहुंचाकर तीनो के द्वारा एक राय होकर हत्या करना पाये जाने पर तीनो आरोपियो के विरुद्ध धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।उक्त हत्या का अपराध घटित होने पर पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय पाण्डे, अतिरिक्ति पुलिस अधीक्षक आशीष खरे एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) जुन्नारदेव सुनील वरकड़े के द्वारा थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश बघेल को मृतक की हत्या करने वाले आरोपियो की त्वरित गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। उक्त निर्देश के पालन में जुन्नारदेव पुलिस के द्वारा हत्या करने वाले तीनो आरोपीगण राजकुमार उर्फ राजा यदुवंशी पिता ज्ञानचंद यदुवंशी उम्र 19 साल, धनलाल यदुवंशी पिता पूरनलाल यदुवंशी उम्र 33 साल एवं ज्ञानचंद यदुवंशी पिता पूरनलाल यदुवंशी उम्र 41 साल तीनो निवासी वार्ड नं. 10 पंचशील कालोनी सोमाटेकडी जुन्नारदेव को आज 10 जनवरी शनिवार को गिरफ्तार किया जाकर आरोपियो से घटना में प्रयुक्त दो नग कुल्हाड़ी एवं एक बांस की लाठी जप्त किया गया है। तीनो आरोपियो को न्यायालय पेश कर न्यायिक हिरासत में जिला जेल छिन्दवाड़ा भेजा गया है।पूरे घटनाक्रम में पुलिस स्टाफ से निरीक्षक राकेश बघेल थाना प्रभारी जुन्नारदेव, उनि. मुकेश डोंगरे, उनि. मनोज चौधरी, सउनि. राजकुमार कुमरे, सउनि. सतीष दुबे, आर. 842 अनिल उइके, आर. 1103 संतोष धुर्वे, आर. 559 रामअवतार तिवारी, आर. 520 महेश, आर. 646 संदीप झरबड़े का विशेष योगदान रहा।



### आज प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मचेगी धूम

**छिंदवाड़ा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के स्थापना के गौरवमयी 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला महाविद्यालयीन कार्य विभाग, छिंदवाड़ा द्वारा एक विशाल 'युवा सम्मेलन' का आयोजन किया जा रहा है। यह भव्य कार्यक्रम आगामी 11 जनवरी रविवार को स्थानीय ओलम्पिक स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित होगा। संघ के शताब्दी वर्ष (1925-2025) के निमित्त आयोजित इस सम्मेलन का मुख्य ध्येय युवा पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करना और उन्हें स्वामी विवेकानंद के कालजयी आदर्शों से जोड़ना है। मुख्य वक्ता और कार्यक्रमःसम्मेलन के मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यवाह जी उपस्थित रहेंगे। वे उपस्थित युवाओं को 'राष्ट्र प्रथम' के विचार पर पाथेय प्रदान करेंगे। संबोधन के पश्चात युवाओं के लिए एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राष्ट्र निर्माण के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया जाएगा।सम्मान और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँःइस अवसर पर छिंदवाड़ा जिले के ऐसे प्रतिभाशाली युवाओं को 'प्रतिभा सम्मान' से नवाजा जाएगा, जिन्होंने खेल, शिक्षा या अन्य क्षेत्रों में प्रदेश व देश स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है। इसके साथ ही विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन 'भारत माता की आरती' के साथ होगा। आयोजन समिति द्वारा सम्मेलन में आने वाले सभी युवा विद्यार्थियों के लिए भोजन की सुचारू व्यवस्था की गई है।

### एफ.आई.आर. को एक साल पूरा, संपत्ति कुर्की के बाद भी असली गुनहगारों की गिरफ्तारी कब?

**छिंदवाड़ाः** राष्ट्रीय अंधत्व निवारण मिशन भारत सरकार योजना के तहत गरीबों के इलाज के नाम पर किए गए करोड़ों के गबन को उजागर हुए आज पूरा एक वर्ष बीत चुका है। जिले के सक्रिय वरिष्ठ समाजसेवी रिंकू रितेश चौरसिया द्वारा उठाए गए इस संवेदनशील मामले में लायंस आई हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा कागजों पर फर्जी ऑपरेशन दिखाकर सरकार से मोटी राशि हड़पने का पर्दाफाश हुआ था, लेकिन एक साल बाद भी न्याय की राह अधूरी है।अंधत्व निवारण के नाम पर 'अंधा खेल'प्रेस को संबोधित करते हुए रिंकू रितेश चौरसिया ने कहा कि यह केवल वित्तीय भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि उन गरीब मरीजों के हक पर डाका है जिन्हें मुफ्त मोतियाबिंद ऑपरेशन की उम्मीद थी। प्रशासन ने जांच में पाया था कि अस्पताल प्रबंधन ने 2000 प्रति मरीज के फर्जी बिल तैयार कर सरकार को चूना लगाया। मध्य प्रदेश शासन ने 10 जनवरी 2025 को थाना परासिया में पिंकेश पटोरीया, पुरन राजलानी, आलोक जैन, अनिल जैन, बिल्लू मान, हरिशंकर साहू, कन्हैया राजलानी समेत दोषियों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करवाया फिर भी ठोस कार्रवाई का इंतजार है। भ्रष्टाचार के विरुद्ध इस लड़ाई में प्रशासन ने दोषियों की संपत्ति पर 'कुर्की चश्मा' के नोटिस तो चस्पा कर दिए हैं, लेकिन अभी तक गिरफ्तारी और गबन की गई राशि की पूर्ण वसूली नहीं हो पाई है। रिंकू चौरसिया ने कड़ा रुख अपनाते हुए सवाल किया कि जब भ्रष्टाचार प्रमाणित है और कुर्की के आदेश हो चुके हैं, तो फिर दोषियों को जेल भेजने में इतनी देरी क्यों? उच्च न्यायालय से न्याय की आसवर्तमान में यह मामला माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। रिंकू चौरसिया ने विश्वास व्यक्त किया है कि न्यायालय जनहित में ऐतिहासिक निर्णय लेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि विगत 15 वर्षों से समाज सेवा (रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण एवं जनसेवा) में समर्पित रहने के नाते वे इस लड़ाई को अंजाम तक पहुँचाने से पीछे नहीं हटेंगे।

### सिंगोड़ी में तीन साल के बच्चों को कुत्ते ने काटा

**सिंगोड़ी।** जिले के सिंगोड़ी नगर में 3 साल के बच्चे पर कुत्ते ने हमला कर दिया जिससे बच्चों के चेहरे पर घाव बन गए हैं कुत्ते ने बच्चों के चेहरे को बुरी तरह नोच लिया घटना के दौरान बच्चों की दादी ने कुत्तों से बच्चे को अलग खींच कर बच्चों की जान बचाई घायल बच्चे को पहले सिंगोली अस्पताल ले गई लेकिन सिंगोड़ी हॉस्पिटल में डॉक्टर उपस्थित न होने के कारण इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची अभी इलाज जिला अस्पताल में जारी है बच्चे की दादी मुन्नीबाई ने बताया है कि सिंगोड़ी के नदी मोहल्ले में रहती हैं परिवार के लोग पड़ोसियों के साथ बात कर रहे थे इसी दौरान बच्चा वहीं पास में खेल रहा था तभी अचानक कहीं से कुत्तों का एक झुंड आया और कुत्तों ने बच्चों पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे उसके चेहरे पर घाव बन गए हैं जिला अस्पताल में बच्चे का उपचार जारी है। सिंगोड़ी में जहां-तहां 10 -12 के झुंड में कुत्ते देखे जाते हैं बस्तियों में वह रोडो में घूमते रहते हैं जिससे ग्रामीणों में दहशत बनी रहती है। अब देखना यह है कि ग्राम पंचायत सिंगोड़ी इन आवारा कुत्तों के लिए क्या कदम उठाती है।



### शासकीय शाला में वितरित की गरम स्वेटर

**छिंदवाड़ा :** ठिठुरन भरी कड़कड़ाती ठंड में जरूरतमंद बच्चों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से सेवा संकल्प वेलफेयर सोसाइटी ने एक सराहनीय पहल की है। 15 वर्षों से निरंतर कार्य करने वाली संस्था सेवा संकल्प सोसाइटी के "विंटर रिलीफ कैंपेन" के तहत परासिया विकासखंड की शासकीय प्राथमिक शाला ढोलनढाना में पढ़ने वाले नन्हे-मुन्हें जरूरतमंद बच्चों को गर्म स्वेटर वितरित किए । इस कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 25 बच्चों को निःशुल्क स्वेटर प्रदान की गई स्वेटर पाकर नन्हे बच्चे के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई।

## पत्रकार से अभद्रता मामले में कार्रवाई, दमुआ से हटाई गई डॉ. संजना आचार्य, बिछुआ में हुआ तबादला

**दमुआ।** नगर में पत्रकार के साथ अभद्र व्यवहार के मामले में शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए दमुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजना आचार्य का तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार तत्काल कार्यमुक्त और भारमुक्त बिछुआ स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ किया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व दिव्य एक्सप्रेस के संवाददाता मोहसिन चिश्ती से अस्पताल परिसर में किसी समाचार कवरेज करने गए थे अस्पताल से वापस आने के बाद डॉ. संजना आचार्य द्वारा कथित रूप से अभद्र भाषा का उपयोग करते हुए उन्हें फोन में धमकाया गया था। घटना का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पत्रकार संगठनों ने विरोध जताते हुए बत्तमीज डॉक्टर के विरुद्ध शिकायत कर सख्त कार्रवाई की मांग की थी।मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी जुन्नारदेव द्वारा टीम गठित कर मामले में दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए गए थे साथ इस मामले में दमुआ के पत्रकारों द्वारा जिला कलेक्टर को भी अवगत कराया गया था कलेक्टर द्वारा कार्यवाही करते हुए जांच के बाद डॉक्टर को दमुआ से हटाकर बिछुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजने का आदेश जारी किया। पत्रकारों ने इस कार्रवाई को स्वागत योग्य बताते हुए कहा कि जिला कलेक्टर को आभार ज्ञापित किया और पत्रकारों ने कहा कि मीडिया कर्मियों के साथ अशोभनीय व्यवहार किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## निगम ने छोटा तालाब से हटाया अतिक्रमण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय के आदेशानुसार छोटा तालाब क्षेत्र में पूर्व में हटाए गए अतिक्रमण का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ दुकानदारों द्वारा पुनः अतिक्रमण कर दुकानें लगाए जाने की स्थिति पाई गई, जिन्हें नगर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा हटाया गया। इसी क्रम में बुधवारी बाजार, गोल गंज क्षेत्र में स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने हेतु अनाउंसमेंट कर सूचना दी गई। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से विभिन्न स्थलों से प्राप्त अतिक्रमण संबंधी कुल छह शिकायतों का मौके पर जाकर निराकरण किया गया। नगर निगम द्वारा शहर में अतिक्रमण के विरुद्ध सतत कार्रवाई जारी है तथा लोगों से सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण न करने की अपील की गई है।

### नगर परिषद न्यूटन चिखली में लगाई गई पानी की टंकियां



**परासिया।** नगर परिषद न्यूटन चिखली में गौ सेवक ओम गुप्ता एवं उनके मित्र मंडली के द्वारा गौ माता को पीने के पानी के लिए अलग-अलग स्थान पर सीमेंट की पानी की टंकियां लगाई गई।न्यूटन शिव मंदिर के सामने, नगर पालिका गेट के समीप, मायावाडी रोड तिराहे पर, त्रिमूर्ति चौक के आगे एवं नगर के अन्य स्थानों पर भी इसी तरह गौ माता को पीने के पानी के लिए सीमेंट की टंकीयां जन सहयोग से लगाई जाएगी वर्तमान में जो टंकियां लगी है वह जयंत राय पार्षद वार्ड क्रमांक 9 निकिता प्रकाश बर्खे पार्षद वार्ड क्रमांक 4 महाकाल समिति के अध्यक्ष लकी पटेल के द्वारा प्रदान की गई है।इस अवसर महाकाल समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## अंजुमन इंतजामिया के चुनाव संपन्न परवेज़ अहमद बने सदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

शनिवार 10 जनवरी को परासिया में अंजुमन इंतजामिया के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गए । मतदान के बाद हुई मतगणना में विभिन्न पदों के नतीजे घोषित कर दिए गए । चुनाव में कुल लगभग 1310 – 1313 मत डाले गए , जिनमें से अधिकांश मत वैध पाए गए ।



### चुनाव परिणाम इस प्रकार रहे

सदर पद के लिए हुए मुकाबले में जनाब परवेज़ अहमद ने शानदार जीत दर्ज की । उन्हें 786 वोट प्राप्त हुए और वे भारी मतों से निर्वाचित घोषित किए गए ।सेक्रेटरी पद पर फिरोज़ खान ने जीत हासिल की । उन्हें कुल 393 वोट प्राप्त हुए ।कोषाध्यक्ष पद पर इरफान खान विजयी रहे । उन्हें 500 वोट मिले ।

### मतदान विवरण

चुनाव में कुल मतदान 1310 से 1313 वोटों के बीच दर्ज किया गया। चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रही और किसी प्रकार की अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली ।परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में उत्साह देखा गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को लोगों ने बधाइयाँ दीं । विजयी उम्मीदवारों ने सभी सदस्यों को साथ लेकर अंजुमन के विकास और समाजसेवा के लिए कार्य करने की बात कही ।

## नीलक्रांति योजना से बदली असलम की तक़दीर

**50 लाख से 5 करोड़ तक पहुंचा मत्स्यबीज उत्पादन, 50 हजार से 8 लाख हुई वार्षिक आय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जिले के विकासखण्ड जामई के ग्राम दातला निवासी श्री असलम खान आज जिले में मत्स्यबीज उत्पादन के क्षेत्र में एक सफल एवं प्रेरणादायी उद्यमी के रूप में पहचाने जाते हैं। लेकिन यह सफलता उन्हें सहज ही नहीं मिली। इसके पीछे उनका संघर्ष, मेहनत और सरकारी योजनाओं का सही उपयोग छिपा है।

पूर्व में श्री असलम खान वर्षा ऋतु के दौरान नदियों एवं तालाबों से अंडे वाली मछलियाँ एकत्र कर पारंपरिक (देशी) पद्धति से मत्स्यबीज उत्पादन करते थे। सीमित संसाधनों और तकनीकी ज्ञान के अभाव में उनका उत्पादन बहुत कम होता था। परिणामस्वरूप वे प्रतिवर्ष केवल 20 से 50 लाख मत्स्यबीज ही तैयार कर पाते थे, जिससे उनकी वार्षिक आय मात्र 40,000 से 50,000 तक सीमित रह जाती थी। वर्ष 2018 में उन्होंने मत्स्य विभाग से संपर्क किया और मत्स्य विभाग छिंदवाड़ा के माध्यम से भारत सरकार की नीलक्रांति योजना के अंतर्गत मत्स्यबीज उत्पादन इकाई की स्थापना के लिए आवेदन किया। योजना के अंतर्गत उन्हें 25.00 लाख की इकाई लागत पर 10.00 लाख का अनुदान स्वीकृत हुआ। इसके बाद उन्होंने अपनी निजी भूमि पर आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीकों से युक्त मत्स्यबीज उत्पादन इकाई की स्थापना की। नई तकनीकों को अपनाने और वैज्ञानिक पद्धति से कार्य करने का परिणाम यह हुआ, कि जहाँ पहले उनका उत्पादन सीमित था, वहीं अब वे प्रतिवर्ष 4 से 5 करोड़ मत्स्यबीज का उत्पादन करने लगे हैं।

### दोनों वन विभाग के कर्मचारियों पर लग रहे हैं मिली भगत के आरोप

## तामिया रेंज एवं बफर जोन के बीच बहने वाली धाड़ नदी में हो रहा है रेत का अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया




सोना बन चुकी रेत ने अच्छे-अच्छे ईमानदार अधिकारियों को ईमान बेचने पर मजबूर कर दिया है और वह शासन के हित में नौकरी न कर रेत चोरों के हित में नौकरी करते नजर आ रहे हैं। ऐसे प्रत्यक्ष उदाहरण इसलिए दिया जा सकते हैं। राजस्व हो या वन भूमि मैं बहने वाली नदियों से रेत निकले जाने में मैदानी अमला पटवारी एवं नाकेदार के संरक्षण में रेत का अवैध उत्खनन होता चला रहा है जिसके निशान जंगल एवं राजस्व की भूमि में देखे जा सकते हैं, लेकिन इन दिनों रेत चोरों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि वह मुख्य मार्ग की नदियों में रेत का अवैध खनन खुलेआम कर रहे हैं। ऐसा ही प्रत्यक्ष उदाहरण इन दिनों देलाखारी से कुर्सीढाना मार्ग पर वन भूमि एवं बफर जोन में बहने वाली धाड नदी जो आधी तामिया रेंज आदि बफर जोन देलाखारी मैं आती है उसमें रेत का अवैध उत्खनन जमकर किया जा रहा है। इस नदी में ट्रैक्टरों के टायर के निशाने से लगता है कि यहां पर महिनो से रेत का उत्खनन हो रहा है। ट्रैक्टर के टायरों के गहरे निशान 1 किलोमीटर के दायरे में देखे जा सकते हैं। वहीं रेत चोरों ने नदी की जल धारा को भी मोड़ दिया है। ऐसा इसलिए हो पा रहा है कि ना तो कुआं बादला सर्कल के बेलखेड़ी जंगल की देखभाल करने वाले नाकेदार ईस पर कोई कार्रवाई नहीं की क्योंकि इस सड़क पर रात दिन आवागमन रहता है। बावजूद इसके वन विभाग को नजर नहीं आना इस क्षेत्र के डिप्टी रेंजर एवं नाकेदार कि इस उत्खनन में मिली भगत का साफ इशारा करता है। वहीं रेंजर भी इस अवैध उत्खनन से खुद अंजान बने हुए हैं क्योंकि वो भी जंगल भ्रमण के लिए तो जाते ही होंगे उनको नजर नहीं आना भी आश्चर्य से काम नहीं है। वहीं प्राप्त जानकारी के अनुसार वफर जोन के कक्ष क्रमांक 16 4 कंपार्टमेंट जो बफर जोन में आता है उस तरफ भी ट्रैक्टर के निशान एवं जलधारा को मोड़ने के प्रमाण देखे जा सकते हैं, लेकिन हैरत इस बात है की ना तो तामिया रेंजर ना इस क्षेत्र के नाकेदार डिप्टी रेजर और ना ही बफर जोन के नाकेदार रेंजर को इस धाड नदी में हो रहे रेत के अवैद्य उत्खनन पर कार्रवाई करने की फुर्सत है। लोगों का तो यह कहना है कि इन रेत चोरों को अधिकारियों का खुला संरक्षण मिला हुआ है। जिसके नतीजा वन अधिनियम का खुला उल्लंघन मुख्य मार्ग की नदी पर देखने मिल रहा है।

## आदतन अपराधी है तीनों आरोपी, दमुआ पुलिस ने दी कार्यवाही को अंजाम

# फरियादी पर दबाव बनाना पड़ा भारी, आरोपी सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

नगर में लंबे समय से दहशत फैलाकर अवैध वसूली, धमकी और दबंगई करने वाले कुख्यात गुंडे पर दमुआ पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। आरोपी द्वारा नाबालिक फरियादी और उसके परिजनों पर थाने में रिपोर्ट न करने का दबाव बनाने के प्रयास को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया।

दमुआ थाना के प्रभारी अधिकारी खेलन सिंह करिहार ने जानकारी के अनुसार आरोपी कई दिनों से फरियादी को धमका रहा था और उसे रस्ते में रोककर डराता धमकाता था अवैध कार्यों में सम्मिलित होने कारण यह गुंडे लोगों को धमकाकर शिकायत नहीं करने देते थे इसलिए स्थानीय स्तर पर कार्यवाही नहीं होती थी जिसके बाद वह लोगों को।धमकाते थे कि यदि उसने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

गुरुवार की रात्रि को एक नाबालिक फरियादी अपने परिजनों के साथ दमुआ थाना रिपोर्ट करने आई और लिखित शिकायत दर्ज कराई जैसे ही फरियादी थाने पहुंची तो आरोपी विक्की और उसके दो साथी ने फरियादियों को धमकाना चालू कर दिया जिसके बाद थाने में मौजूद स्टाफ ने आरोपी को हिरासत में लिया और उसके आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की। जांच में पता चला कि आरोपी पर पहले भी कई अवैध गतिविधियों, मारपीट और गाली-गलौज के प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की आरोपी विकास आर्मवशी, ऋषभ सूर्यवंशी,शंशाक सूर्यवंशी (मर्रे) पर मामला दर्ज किया गया पुलिस ने कहा कि नगर में आतंक और भय फैलाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी द्वारा अवैध वसूली, धमकी और रिपोर्ट दबाने का प्रयास कानूनन बड़ा अपराध है, इसलिए उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। नगर में लोगों ने पुलिस की कार्रवाई का स्वागत किया है। नागरिकों का कहना है कि आरोपी लंबे समय से क्षेत्र में डर का माहौल बनाकर अवैध काम करता था। पुलिस की तत्परता के चलते आरोपी अब सलाखों के पीछे पहुंच गया है, जिससे लोगों में राहत महसूस की जा रही है।पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति धमकी, उगाही या दबाव डालने की कोशिश करे तो तुरंत थाने में सूचना दें। पुलिस।ने भरोसा दिलाया है कि अपराधियों के खिलाफ ऐसी ही सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## कन्या एवं बालक आश्रम समारबोह का सहायक आयुक्त ने किया निरीक्षण

**बिछुआ।** आदिवासी विकासखंड बिछुआ के समारबोह स्थित कन्या आश्रम, बालक आश्रम एवं हाई स्कूल का निरीक्षण सहायक आयुक्त श्री सत्येंद्र सिंह मरकाम द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र संयोजक श्री मनीष बोरकर, क्षेत्र संयोजक सुश्री प्रियंका सैयाम एवं आदिवासी बालक आश्रम के अधीक्षक श्री देवानंद नागरे, आशा पंद्रे उपस्थित



रहे।निरीक्षण के दौरान सहायक आयुक्त श्री मरकाम ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनसे शैक्षणिक प्रश्न पूछे, जिनका बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया। बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं ज्ञान स्तर को देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की।सहायक आयुक्त द्वारा आश्रम परिसर में लगे पेड़-पौधों, अध्यापन कक्षों में दीवार लेखन, बैनर-पोस्टर के माध्यम से संचालित शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया गया। साथ ही हैंडवॉश व्यवस्था, साफ-सफाई, शौचालय, आरओ पेयजल व्यवस्था एवं शयन कक्षों का भी निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान आदिवासी बालक आश्रम के अधीक्षक श्री देवानंद नागरे द्वारा बच्चों के शैक्षणिक स्तर में सुधार हेतु स्मार्ट क्लास की मांग रखी गई। इस पर सहायक आयुक्त श्री सत्येंद्र सिंह मरकाम ने शीघ्र ही स्मार्ट क्लास उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लास से बच्चों की पढ़ाई अधिक रोचक एवं प्रभावी होगी, जिससे उनके शैक्षणिक कार्य में सुधार होगा।निरीक्षण उपरांत सहायक आयुक्त श्री सत्येंद्र सिंह मरकाम ने आश्रम के कुशल, सुव्यवस्थित एवं अनुशासित संचालन की सराहना करते हुए कहा कि यहां का शैक्षणिक एवं स्वच्छ वातावरण बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक है।

## सिंगोड़ी बालक माध्यमिक शाला के बच्चों ने किया भ्रमण

**सिंगोड़ी:-** शासकीय बालक माध्यमिक शाला सिंगोड़ी एवं उर्दू स्कूल के बच्चों ने आज बैकलेस डे पर छात्र-छात्राओं को सिंगोड़ी पुलिस चौकी एवं सरकारी अस्पताल, ऐतिहासिक स्थल जीवित समाधि स्थल कबीरवाड़ा का आज शैक्षिक भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर चौकी प्रभारी पंकज राय एवं राजकुमार सिंह के द्वारा अपराध न करने की सलाह देते हुए कानूनी धाराओं से बच्चों को अवगत कराया। अस्पताल में भी श्री वंदेवार एवं जीवन पटेल द्वारा बीमारियों से बचने के उपाय व टीकाकरण के महत्व को समझाया। वही शिक्षकों के द्वारा जीवित समाधि स्थल के ऐतिहासिक स्थल कबीरवाड़ा समाधी के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका चम्पा नवरेती , राजेंद्र कंच, दुबे मैडम, सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## ऑल इंडिया बार एग्जाम के रिजल्ट घोषित, जुन्नारदेव के जूनियर अधिवक्ताओं ने हासिल की सफलता

**जुन्नारदेव।**ऑल इंडिया बार एग्जाम के रिजल्ट विगत दिनों घोषित हुए हैं जिसमें जुन्नारदेव के जूनियर अधिवक्ताओं ने सफलता हासिल की है। प्रथम प्रयास में ही अधिवक्ता शशांत पाण्डे, राजमती पवार, जीनत कुरैशी ने सफलता अर्जित कर परीक्षा को उत्तीर्ण कर जुन्नारदेव का नाम रोशन किया है। जूनियर अधिवक्ताओं की इस सफलता के लिए सीनियर अधिवक्ता परवेज बानो कुरेशी, सुखदेव मालवी, आबिद अली, आनंद आसोलकर, श्याम कहार सहित अन्य अधिवक्ताओं ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## विकासखंड स्तरीय खेलों एम पी यूथ गेम्स चयन स्पर्धा 2025 का आयोजन आज से



**जुन्नारदेव।** संचालनालय खेलों एम पी यूथ गेम्स 2025 का आयोजन खेल युवा कल्याण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार जिला खेल अधिकारी कृष्ण कुमार चौरसिया के मार्गदर्शन में जुन्नारदेव विकासखंड में 11 जनवरी से किया जा रहा है ब्लॉक समन्वयक विभा तारन ने बताया कि विकासखंड स्तर पर 21 खेलों की प्रतियोगिता आयोजित होगी, जिसमें 11 जनवरी रविवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुंगरिया 04 नं में फुटबाल खेल एवं हॉकी खेलों (बालक/बालिका) वर्गों में चयन दोपहर 12 बजे से किया जाएगा क्रिकेट खेल का चयन दोपहर 3:00 बजे, शतरंज खेल की चयन स्पर्धा आई मार्शल आर्ट एकेडमी में संपन्न होगी। 12 जनवरी को पीएम श्री दमुआ में योगासन, शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शास. उच्च. मा. भतोडिया कला में वालीबॉल, रस्साकसी प्रतियोगिता संपन्न की जाएगी। 13 जनवरी को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घनाउमरी में कबड्डी, कुश्ती, खो–खो प्रतियोगिता 15 जनवरी को कन्हान व्हेली स्टेडियम डूंगरिया में एथलेटिक्स 100 मी, 200 मी, 400 मी, 800 मी, 1500 मी, 3000 मी, लॉन्ग जंप, हाई जंप, शॉटपुट थ्रो, डिस्कस थ्रो, जेबलिन थ्रो, 4x100 मी रिले रेस संपन्न होगी।

## दिव्यांगों संग आज मनेगा युवा दिवस

**छिंदवाड़ा -** सामाजिक संस्था सक्षम एवं आधार फाउंडेशन द्वारा आज रविवार 11 जनवरी के शुभ दिन नगर के परासिया रोड स्थित दिव्यांगों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन में विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ दोपहर 12 बजे से मकर संक्रांति, लोहड़ी सहित स्वामी विवेकानंद जन्म जयंती की खुशियां युवा दिवस के रूप में मनाई जावेगी।जिसके मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ एवं मणिपुर की पूर्व राज्यपाल माननीय अनुसुइया जी उइके, विशिष्ट अतिथि अधीक्षक जिला जेल छिंदवाड़ा प्रतीक जैन रहेंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक, नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर जैन करेंगे।

## कृष्ण सुदामा मित्रता की कथा के बाद पूर्णाहुति और भंडारा उपरांत हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत केवलारी के ग्राम मोरकुंड में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का भव्य समापन शनिवार 10 जनवरी को किया गया भागवत कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित्र कथा का बखान भागवत आचार्य द्वारा किया गया इसके उपरांत यज्ञ की अग्नि में पूर्णाहुति डाली गई, महाआरती एवं विशाल भंडारे के साथ श्रद्धा और भक्तिभाव से कार्यक्रम संपन्न हुआ।कथा के अंतिम दिवस कथा व्यास पंडित गुरु साहब शर्मा ने सुदामा– श्रीकृष्ण की अमिट मित्रता का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि सच्ची मित्रता, सरलता और निष्काम भक्ति से ही भगवान प्रसन्न होते हैं। सुदामा चरित्र प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। समापन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूर्णाहुति संपन्न की गई तथा विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि की कामना की गई। इसके पश्चात आयोजित महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्मलाभ अर्जित किया। भजनों, कीर्तन और जयकारों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम के अंत में प्रसादी वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम सहित आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासियों एवं आयोजन समिति का विशेष योगदान रहा।

## वन-पर्यावरण विषयक प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाई जागरूकता

**चौरई।** वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम सांख में पेंच नदी के सुरम्य तट डोंगरदेव पर वन विभाग द्वारा अनुभूति कार्यक्रम का विस्तृत एवं प्रभावशाली आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों को प्रकृति के निकट लाकर मानव जीवन में वनों, नदियों एवं पर्यावरण के महत्व को व्यवहारिक रूप से समझाना रहा।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पेंच नदी, आसपास के वन क्षेत्र, जैव विविधता, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों ने प्रकृति को नजदीक से देखा और समझा कि वन एवं नदियाँ मानव जीवन की आधारशिला हैं।इसके पश्चात बच्चों के लिए वन-पर्यावरण विषय पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में सही उत्तर देने वाले बच्चों को पारितोषिक प्रदान किए गए, जिन्हें प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खुशी और आत्मविश्वास से खिल उठे।इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर जे पी शिवहरे तथा चौरई वन परिक्षेत्र अधिकारी वंदना पाल, एवं एसडीओपी



भारती जाट व प्रेस क्लब के समस्त पत्रकार एवं चौरई के वन विभाग के समस्त स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। अधिकारियों ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में वनों और जल स्रोतों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। यदि हम प्रकृति की रक्षा करेंगे तो प्रकृति भी हमारा संरक्षण करेगी।अधिकारियों ने बच्चों को पेड़ लगाने, जल संरक्षण करने और पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने वन, नदी और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।वन विभाग द्वारा आयोजित यह अनुभूति कार्यक्रम बच्चों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि उनमें प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता विकसित करने में भी सहायक सिद्ध हुआ।

## 12 जनवरी सोमवार को रानी मोहगांवघाट में बाबा शेख फरीद का सालाना उर्स मुबारक

**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी** कटंगी खैरलांजी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम रानी मोहगांवघाट में कौमी एकता के प्रतीक हजरत ख्वाजा बाबा शेख फरीद गंजे शकर बाबा का सालाना उर्स शरीफ आज 11 जनवरी रविवार से आयोजित होगा। रविवार को रस्म अदा करने करने बाद उर्स की शुरुआत होगी ।यह जानकारी दरबार की खादिम बेबी बाई पंजे वाली माही ने दि। उन्होंनो बताया की 12 जनवरी सोमवार को शाही संदल निकाला जाएगा जो बाबा शेख फरीद के दरबार में पहुंचकर आस्ताने पर चादर फातिहा पेश की जाएगी और सबके कल्याण ,सुख समृद्धी व अमन-चैन के लिए दुंआ की जाएगी जिसके बाद लंगर प्रदान किया जाएगा और रात्री में सुफयाना कव्वाली पेश की जाएगी। तथा 15 जनवरी गुरुवार को महाराष्ट्र नाकोडोंगरी से संदल शरीफ आऐगा जो बाबा फरीद के दरबार में पहुंचकर आस्ताने में चादर फातिहा पेश की जाएगी और प्रसाद वितरण की जायेगी जिसके बाद सुफयाना कव्वाली की प्रस्तुती होगी।

## महंगाई समान तो जिले में रेट भी समान रखने का हुआ निर्णय

# सेन नाई समाज ने सर्वसम्मति से चुना ब्लॉक अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

समाज को एकजुट रखने, उनके अधिकारों और जरूरतों पर बात करने और तीन वर्ष बाद फिर से विधिवत निर्वाचन प्रक्रिया के जरिए समाज का नया ब्लॉक अध्यक्ष चुनने और नगर कार्यकारिणी का गठन करने के लिए सेन समाज के लोग शनिवार को दोपहर 02 बजे नगर के वार्ड क्रमांक 05 में स्थित सेन नाई समाज मंगल भवन में एकत्रित हुए। केश शिल्पी सेन समाज के तत्वाधान में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक और निर्वाचन प्रक्रिया में जिला अध्यक्ष रवि नागपुरकर, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष एन.पी.शेण्डे, ललित श्रीवास, जिला नगर अध्यक्ष महेश मानेश्वर, निवार्चन अधिकारी के तौर पर सी.के.उरकुड़े सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। हालांकि यहां समाज ने जिला पदाधिकारियों के समक्ष बेहतर नजीर पेश करते हुए आपसी मनमुटाव से बचने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया को टाल दिया और फुलचंद कड़वे को समाज ने सर्वसम्मति से अपना नया ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया। जिसके बाद ब्लॉक अध्यक्ष ने तत्काल नगर कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए रमेश गनुरकर को नगर अध्यक्ष मनोनीत किया। अंकित श्रीवास, अंचल नागमोते को उपाध्यक्ष, उमाशंकर लांजेवार को सचिव, सखाराम वाटकर को सह सचिव, रमेश सेनभक्त को कोषाध्यक्ष, राजू कड़वे को संगठन मंत्री और विष्णु भाकरे, योगेश पगाड़े को सदस्य मनोनीत किया गया। समाज ने सभी को पुष्पहार पहनाकर स्वागत सत्कार करते हुए सफल अग्रिम तीन वर्षों के कार्यकाल के लिए बधाईयां दी।



संत शिरोणमी सेन जी महाराज की प्रतिमा की पूजा-अर्चना से बैठक की शुरूआत हुई थी। ब्लॉक और नगर कार्यकारिणी का मनोनयन करने के बाद सामाजिक विषयों पर चर्चा हुई। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष एन.पी.शेण्डे ने बताया कि किस तरह से समाज के भवन निर्माण में जनप्रतिनिधियों का सहयोग मिला कई बार समाज संगठन के पदाधिकारियों में भी वैमनस्य की स्थिति निर्मित हुई बावजूद इसके कार्य पूर्ण हुआ। उन्होंने कहा कि आज सभी ने सर्वसम्मति से फुलचंद कड़वे को ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया है। संगठन को शक्ति शाली और मजबूत बनाना है और इसके लिए गांव-गांव जाकर समाज के लोगों को जोड़ना जरूरी है। कलयुग में संगठन ही ताकतवर होता है। उन्होंने कहा समाज में एकता जरूरी है और इस एकता को बनाए रखने, बल देने के लिए नवनियुक्त अध्यक्ष को तन मन धन से सभी मिलकर सहयोग करे।

संत शिरोमणि केश शिल्पी समाज समिति के पदाधिकारी अमित श्रीवास ने कहा कि नए ब्लॉक अध्यक्ष और नगर कार्यकारिणी समाज के कार्य जिम्मेदारी से निभाए जिला कमेटी हर संभव सहयोग करेगी। समिति का उद्देश्य ही है कि जिले में एक जैसा कार्य हो। 2014 से अनवरत समाज को संगठित करने के लिए बनाई गई समिति कार्य कर रही है। गांव में बैठे हुए समाज तक जाना पड़ेगा। आज हम अपने व्यवसाय से इतने अधिक जुड़े है कि हम समाज से नहीं जुड़ पा रहा है। ध्यान रखना है कि नाई है तो भाई है। नाई समाज की ग्रामीण अंचलों में स्थिति सामान्य नहीं है हमें काम करने के बाद भी पैसा नहीं मिल पाता। उन्होंने कहा कि आज महंगाई हर जगह समान है तो फिर पूरे जिले में समान दर पर कार्य करना होगा। उन्होंने 13 जनवरी को जिला स्तरीय बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए सभी से बैठक में शामिल होने की अपील की है। इस बैठक आय व्यय का लेखा जोखा पेश किया जाएगा। सेन जयंती पर चर्चा की जाएगी।

## नवीन जनपद कार्यालय भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन आज

### आमंत्रण पत्र आया विवादों में, मंत्री के अलावा किसी का नाम नहीं आमंत्रण पत्र में

### जनपद सदस्य जितेन्द्र राजपूत ने लगाया जनप्रतिनिधियों का अपमान करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जनपद पंचायत वारासिवनी के नवीन कार्यालय भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन का आमंत्रण पत्र वितरण के साथ ही विवादों में फंस गया है। जनपद पंचायत वारासिवनी की ओर से प्रकाशित इस आमंत्रण पत्र में विनीत में सिर्फ जनपद पंचायत वारासिवनी लिखा हुआ है और मुख्य अतिथि के रुप में सिर्फ प्रहलाद सिंह पटेल मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं श्रम मध्यप्रदेश शासन लिखा हुआ है।

इस आमंत्रण पत्र के वितरण के साथ ही जनपद सदस्यों में आक्रोश फैल गया है। जनपद पंचायत वारासिवनी के जनपद सदस्य जितेन्द्र सिंह जीतू राजपूत ने इस आमंत्रण पत्र को जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्यगण व विधायक का अपमान निरुपित करते हुए कहा कि जनपद पंचायत कार्यालय के निर्माण के लिए भूमिपूजन हो रहा है और आमंत्रण पत्र में ना तो अध्यक्ष का नाम है और ना ही सदस्यों का। इतना ही नहीं क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल का भी इसमें नाम नहीं है। आमंत्रण पत्र में मुख्य अतिथि के रुप में मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल जी का नाम तो है, लेकिन अध्यक्षता तक में किसी का भी नाम नहीं है। जबकि कोई भी कार्यक्रम बिना अध्यक्ष के सम्पन्न ही नहीं हो सकता है।

## एसडीएम से चर्चा के बाद बैठे धरने पर बगल की भूमि पर भूमिपूजन की तैयारियॉ प्रारंभ

# नवीन जनपद भवन निर्माण स्थल से हटने से आदिवासियों ने किया इंकार

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



बड़ा देव का पूजा स्थल व भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा लगाने के नाम पर आदिवासियों द्वारा ग्राम पंचायत वारा में उपवन के बाजू में शासकीय भूमि पर किए गए कब्जे को हटवाने में शनिवार की शाम तक स्थानीय प्रशासन असफल रहा है। आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों से लगभग एक घंटे की चर्चा के बावजूद एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल व जनपद पंचायत वारासिवनी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीक्षा जैन उन्हें कब्जे की भूमि के बगल की भूमि पर पूजा स्थल को स्थानांतरित करवाने पर राजी नहीं करवा पाये। वहीं प्रशासन के साथ चर्चा के विफल होन के बाद आदिवासियों ने पूजा स्थल के पास ही धरना प्रारंभ कर दिया है। तो दूसरी ओर प्रशासन ने पूजा स्थल के बगल में स्थित उपवन में भूमिपूजन करवाने की तैयारियॉ प्रारंभ कर दी है।

**जनप्रतिनिधियों व प्रशासन की सहमति से हुआ है स्थल का चयन:** मध्यप्रदेश शासन द्वारा वारासिवनी में नवीन जनपद पंचायत भवन बनाने के लिए स्वीकृति प्रदान की है और उसके लिए राशि भी जारी कर दी है। नवीन जनपद भवन के लिए विधायक विवेक पटेल पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल, जनपद अध्यक्ष माया उइके सहित जनपद सदस्यों व सीईओ व एसडीएम ने सिकन्द्रा, चंदोरी व वारा में स्थल निरीक्षण करने के बाद ग्राम पंचायत वारा में बालाघाट मुख्य मार्ग पर भवन निर्माण के लिए भूमि का चयन किया और वहॉ पर जनपद भवन निर्माण के लिए जनपद पंचायत की बैठक में विधायक की उपस्थिति में प्रस्ताव भी पारित कर जिला प्रशासन को भेज दिया गया।

जनपद भवन निर्माण के लिए जिस भूमि का चयन किया गया है, उस भूमि के एक हिस्से में आदिवासियों द्वारा कब्जा कर बड़ा देव का पूजा स्थल बनाया गया है और उस भूमि की मॉग पिछले 2 वर्षो से उनके द्वारा प्रशासन से की जा रही है। लेकिन जब उस स्थान पर जनपद भवन बनाने का निर्णय लिया गया, तो प्रशासन ने उसी स्थान से लगी हुई 50 डिसमिल भूमि आदिवासियों को देने का प्रस्ताव दिया। जिस पर पहले तो आदिवासी समाज द्वारा सहमति प्रदान कर दी गई। लेकिन बाद में समाज के प्रतिनिधि अपनी बातों से पलट गए और पहले भूमि को कालम 12 में दर्ज करने की मॉग करने लगे। जिसे शीघ्र करवान का आश्वासन भी एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल द्वारा उन्हें दे दिया गया था।

लेकिन शुक्रवार की शाम से अचानक ही आदिवासियों के प्रतिनिधियों के सुर पूरी तरह से बदल गए और उन्होंने वर्तमान भूमि को छोडऩे से इंकार कर दिया और शनिवार की सुबह से ही पूजा स्थल पर झुंड बनाकर बैठ गए। एसडीएम श्री जायसवाल को इस बात का पता चलने पर वह अपने अधिकारियों के दल बल के साथ वहॉ पहुॅचे और आदिवासियों के प्रतिनिधियों से चर्चा कर उन्हें समझाने का प्रयास किया। लगभग एक घंटे तक चली आपसी चर्चा के बाद अंततः आदिवासियों के प्रतिनिधियों ने दूसरे स्थान पर अपने बड़ा देव को ले जाने से इंकार कर दिया और उसी स्थान पर धरने पर बैठ गए है। आदिवासियों के प्रतिनिधियों के हठ को देखते हुए एसडीएम ने उन्हें कुछ समय दिया, लेकिन उन्होंने कोई सकारात्मक जवाब नहीं दिया। जिसके बाद एसडीएम ने बड़ा देव के चबूतरे के बगल के उपवन में भूमिपूजन की तैयारियॉ प्रारंभ करवा दी है। जिससे यह तो तय हो गया है कि जनपद पंचायत का नवीन भवन उसी स्थान पर बनेगा। लेकिन आदिवासियों के बड़ा देव व बिरसा मुंडा की प्रतिमा किस स्थान पर बनेगी? इसका निराकरण अभी तक नहीं हुआ है और प्रशासन इस मामले से आगे कैसे निपटता है? यह भी देखने वाली बात होगी।

## युवा दिवस पर एबीवीपी लांजी द्वारा कंबल वितरण, जरूरतमंदों को मिली राहत

### स्टूडेंट्स फॉर सेवा प्रकल्प के अंतर्गत हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) इकाई लांजी द्वारा बढ़ती ठंड को देखते हुए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह सेवा कार्य शनिवार को नगर के प्रसिद्ध कोटेश्वर मंदिर प्रांगण में एबीवीपी के स्टूडेंट्स फॉर सेवा प्रकल्प के अंतर्गत संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य शीतकाल में ठंड से प्रभावित गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को राहत प्रदान करना था। इस अवसर पर परिषद के कार्यकर्ताओं ने समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को कंबल वितरित कर मानवीय संवेदना का परिचय दिया। एबीवीपी के इस सेवा कार्य की स्थानीय नागरिकों ने सराहना की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस युवाओं को समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करता है। एबीवीपी समय-समय पर ऐसे सामाजिक एवं सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य करती रही है और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि परिषद केवल छात्र हितों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन निरंतर करती है। इस अवसर पर एबीवीपी के पूर्व प्रांत सह मंत्री उज्ज्वल श्रीवास्तव, पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य साजिद शालू अली, नगर मंत्री ऋषभ रजक, पूर्व भाग संयोजक सफीक खान, पूर्व नगर अध्यक्ष निलेश दुर्गकर, आरिफ खान, शुभम मिश्रा, एसएफएस प्रमुख कमलेश गुर्दे, महाविद्यालय अध्यक्ष ललित भरने, नगर सह मंत्री वैभव नगपुरे सहित सैय्यद वसीम एवं अनेक कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।




### इनका कहना है

राष्ट्रीय युवा दिवस युवाओं को समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझने और सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। स्टूडेंट्स फॉर सेवा प्रकल्प के माध्यम से एबीवीपी हमेशा जरूरतमंदों के साथ खड़ी रही है। कंबल वितरण जैसे सेवा कार्यों से हमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुँचाने का अवसर मिलता है। भविष्य में भी एबीवीपी इसी भावना के साथ निरंतर सेवा कार्य करती रहेगी।

**कमलेश गुर्दे**
**एसएफएस प्रमुख एबीवीपी लांजी**

## खबर संक्षेप

### समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए किसान 13 तक बुक कर सकेंगे स्लॉट

सिवनी, जिले के उन सभी किसानों से 13 जनवरी तक ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से स्लॉट बुक करने का आग्रह किया है, जिन्होंने अभी तक अपनी उपज का विक्रय करने स्लॉट बुक नहीं किये हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में 61 हजार 51 किसानों ने धान का विक्रय करने अपना पंजीयन कराया गया है और इनमें से अभी तक 54 हजार 808 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किये गये हैं।

### पॉलीटेक्निक कॉलेज में जनभागीदारी समिति की बैठक सम्पन्न

**सिवनी।** सत्र 2025-26 के लिए शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, सिवनी की जनभागीदारी समिति की बैठक विगत दिवस विधायक दिनेश राय एवं कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संस्था के विभिन्न विभागों से प्राप्त क्रय, निर्माण कार्य एवं रखरखाव संबंधी प्रस्तावों पर अध्यक्ष महोदया द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम एवं प्लेसमेंट में निरंतर वृद्धि हेतु प्रभावी उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई।

### पेयजल गुणवत्ता एवं जलजनित बीमारियों की रोकथाम को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**सिवनी।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड-जिला सिवनी के कार्यपालन यंत्री नरेश कुवाल के मार्गदर्शन में जिले के चारों उपखण्ड प्रयोगशालाओं-सिवनी, छपारा, केवलारी एवं लखनादौन में नगरीय निकायों के पेयजल कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पेयजल गुणवत्ता, जलजनित बीमारियों की रोकथाम, जल परीक्षण की प्रक्रिया एवं विभिन्न पैरामीटरों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही एफटीके किट के माध्यम से जल परीक्षण करने की विधि का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया एवं एफटीके किट का वितरण भी किया गया।

# हत्या के प्रयास के प्रकरण में फरार चल रहे युवराज उर्फ बहादुर के अन्य दो साथी आरोपी कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में

## घटना में प्रयुक्त तलवार एवं स्कूटी वाहन जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता अवैध गतिविधियों एवं शहर में गुण्डागर्दी कर शहर में अशांति फैलाने वालों के खिलाफ न केवल सख्त है, अपितु लगातार प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित कर रहे हैं। एएसपी दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती श्रृध्दा सोनकर के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा बारापत्थर क्षेत्र के हत्या के प्रयास के प्रकरण में लगभग 01 माह से फरार चल रहे कुख्यात आरोपी युवराज उर्फ बहादुर के अन्य दो आरोपी साथी साहिल खरे एवं शिवा दुबे की गिरफ्तारी की गयी। उल्लेखनीय है कि दिनांक 14/12/2025 की रात्रि करीबन 22/30 बजे प्रार्थी आर्यन धुर्वे एवं उसके दोस्त अमन घरते को युवराज उर्फ बहादुर तेकाम एवं उसके साथी साहिल खरे एवं शिवा दुबे द्वारा एक राय होकर प्राथर्थी एवं उसके दोस्त को पुरानी रंजिश को लेकर जान की मारने नियत से तलवार से प्राणघातक हमला कर चोट पहुंचाने पर एवं जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया जाकर तत्काल थाना स्तर पर आरोपियों की धरपकड़ हेतु टीम गठित कर युवराज उर्फ बहादर तैकाम को दिनांक 06/01/2026 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था एवं फरार अन्य 12 आरोपी साहिल खरे एवं शिवा दुबे की तलाश संभावित स्थानों में लगातार की जा रही थी जिन्हे दिनांक 08/01/2026 को गिरफ्तार कर कर आज दिनांक 09/01/2025 को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर ज्युडिशियल रिमांड प्राप्त जिला जेल भेजा गया है। पूर्व आपराधिक रिकार्डः- 1. आरोपी साहिल खरे के विरूद्ध थाना कोतवाली सिवनी में मारपीट के 02 एवं जुआ एक्ट का 01 आपराधिक प्रकरण दर्ज है। 2. आरोपी शिवा दुबे के विरूध्द थाना डुण्डासिवनी में मारपीट के 07 आपराधिक प्रकरण दर्ज है। गिरफ्तार आरोपीः । साहिल खरे पिता किशोर खरे उम्र 23 वर्ष निवासी भैरोगंज महामात्रा वार्ड सिवनी। 2. शिवा दुबे पिता महेश दुबे उम्र 20 वर्ष निवासी गणेश चौक बरघाट रोड़ सिवनी स्थायी निवासी ग्राम बटका थाना लखनादौन जिला सिवनी।

### विशेष भूमिका

थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी, सउनि. जयदीप सेंगर, प्र. आर. मुकेश गोंडाने, आर. सतीश इनवाती, विनय सेंगर, पंकज सोलंकी, महेन्द्र पटेल, अजय युवनाती एवं आर. चालक इरफान की सराहनीय भूमिका रही।

# जैतपुर कला की आर टू शाखा में जल्द पानी दिया तो किसान करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

वर्तमान समय में किसानों को नहर से गेहूं की फसल में पानी देने हेतु सख्त आवश्यकता है जिससे किसान खूब मेहनत कर फसल का उत्पादन कर सके परंतु ग्राम जैतपुर कला की क्रं-2 शाखा में पानी नहीं मिलने से ग्रामीण किसान बहुत चिंतित है उनकी मांग है कि नहर के ऊपरी हिस्से में अवैध रूप से लिए जा रहे पानी को जल संसाधन विभाग माचा गोरा डैम के अधिकारियों द्वारा शक्ति से रोका जावे ताकि नहर के नीचे स्थान में खेती करने वाले किसानों को सुचारू रूप से पानी मिल सके। इसीलिए अखिल भारतीय किसान सभा तहसील शाखा सिवनी के अध्यक्ष कामरेड अंगद सिंह बघेल सहित हरिराम बघेल शिव सिंह विनोद बघेल अंकित श्रीराम श्रीकांत द्वारका प्रसाद बीरन पटेल शंभू दयाल बघेल जनक लाल मनोज दिमाग चंद राधेश्याम रामकिशोर मोतीराम रामजी बघेल डीडी वासनिक ओमप्रकाश बोर्ड पवन कुमार सनोदिया महेश पटेल आदि ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्दी से जल्दी नहर का सुधार कर करते हुए गेहूं की सिंचाई हेतु आर टू शाखा में पानी दिया जाए अन्यथा ग्रामीण किसान आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

### ओवरलोड ट्रक पर 14000/- रुपए का जुर्माना

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्ग दर्शन में थाना यातायात के चैकिंग दल द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान वाहन क्रमांक **MP04 HE3568** को चेक करने पर वाहन में क्षमता से अधिक वजन का माल भरा होना प्रतीत होने पर वजन कराने पर वाहन में क्षमता से अधिक माल भरा होना पाया गया । जिसके उपरांत उक्त वाहन पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत नियमानुसार कार्यवाही करते हुए 14000/- (चौदह हजार रूपये) का समन शुल्क वसूल किया गया ।

# सेन समाज की बैठक संपन्न



**केवलारी।** सेन समाज द्वारा एक समाज एक संगठन के उद्देश्य से केवलारी ब्लाक के उगली सर्किल से सेन समाज की बैठक का आयोजन दिनांक 9 जनवरी को ग्राम पंचायत सरेखा के हिर्रिरी संगम मे समाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार अशोक बंदेवार एवं लेखराम मेश्राम सतीष सिवनकर , संतोष उरकुडे के आतिथ्य मे आयोजित किया गया जिसमे उगली पंडिया छपारा सर्किल के समस्त ग्रामो से सेन समाज के लोग सम्मलित हुये । सेन महराज की पुजा अर्चना उपरांत सर्व सहमति से केवलरी ब्लाक अंतर्गत उगली सर्किल मे कार्यकारिणी का गठन कीया गया जिसमे उगली पांडिया छपारा सर्किल अध्याक्ष राजकुमार सराठे(नाईटोला) , उपाध्यक्ष पुनीत श्रीवास (उगली ) काशीराम मेश्राम कनारी , सचिव जितेंन्द्र लाजेवार ( ढुटेरा) सहसचिव किर्ती उमरे पांडिया छपारा , कोषाध्यक्ष संजय सराठे मोहबर्रा , उगली मण्डल मे सर्व सहमति से कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमे अध्यक्ष कमलेश श्रीवास ( उगली) उपाध्यक्ष संतोष मेश्राम (अंरडीया) , निलेश सिवनकार (बावली ), सचिव जय कुमार उगली, सहसचिव जितेन्द्र श्रीवार सकरी , कोषाध्यक्ष योगीराज सिवनकार ( सारसडोल) को चुना गया ईसी कडी मे पांडिया छपारा मण्डल मे अध्यक्ष' हेमराज श्रीवास (बानाथर) ,उपाध्यक्ष नवीन उरकूडे (नसीपुर) ,भूवनलाल मेश्राम (रेचना) ,कोषाध्यक्ष झनक सिंगू सराठे (नाईटोला ), सचिव बनवारी मेश्राम (जेवनारा) , सहसचिव खिलेन्द्र उरकुडेश नसीपुर को सेन समाज के समाजिक जनो द्वारा चुना गया ।

# मड़ई टोल प्लाजा पर 'सुरक्षा संस्कृति' का शंखनादः 37वें सड़क सुरक्षा माह के आगाज पर पुलिस और NHIT ने पहनाया 'जीवन रक्षा कवच'

## एसडीओपी अपूर्व भलावी ने दिलाई सुरक्षित सफर की शपथ; हस्ताक्षर अभियान और हेलमेट वितरण से गूंजा- सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षाका नारा

**हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया** लखनादौनःमड़ई (सिवनी)। सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि जीवन के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।₹ इसी ध्येय वाक्य को चरितार्थ करते हुए, मड़ई टोल प्लाजा पर 37वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का भव्य और गरिमामयी शुभारंभ किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) की इकाई 'नेशनल हाईवे इंफ्रा ट्रस्ट' (NHIT) और लखनादौन पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम ने वाहन चालकों को 'सुरक्षा और सतर्कता' का नया पाठ पढ़ाया।

### खाकी और प्रबंधन की मानवीय पहल

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि लखनादौन एसडीओपी श्री अपूर्व भलावी, थाना प्रभारी श्री के.पी. धुर्वे, NHAI रेजिडेंट इंजीनियर श्री प्रदीप अग्रवाल और टोल प्रबंधक श्री हेमंत राजपूत की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सबसे संवेदनशील पहलू 'हेलमेट वितरण समारोह' रहा। अधिकारियों ने दोपहिया वाहन चालकों को रोककर चालान काटने के बजाय, उन्हें अपने हाथों से हेलमेट पहनाकर 'जीवन रक्षा कवच' प्रदान किया। इस आत्मीय पहल ने राहगीरों के मन में प्रशासन के प्रति सम्मान और सुरक्षा के प्रति जागरूकता का भाव जगाया।



### शपथ और हस्ताक्षर अभियान

एसडीओपी श्री भलावी ने उपस्थित जनसमूह और वाहन चालकों क 'सड़क सुरक्षा शपथ' दिलाई, जिसमें सभी ने यातायात नियमों के पालन और अनुशासित वाहन संचालन का संकल्प लिया। साथ ही, एक व्यापक 'हस्ताक्षर अभियान' और 'सेल्फी पॉइंट' के माध्यम से युवाओं को इस मुहिम से जोड़ा गया।

### इनकी रही सक्रिय भूमिका

इस अवसर पर LMK परियोजना टीम का उत्साह देखते ही बनता था। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सेफ्टी मैनेजर शुभम, एचआर मैनेजर आशीष, कॉरिडोर इंचार्ज यशवंत सिंह यादव और सेफ्टी ऑफिसर रवि यादव सहित पूरी टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। यह आयोजन मड़ई क्षेत्र में 'जीरो एक्सीडेंट' के लक्ष्य की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

### मड़ई टोल पर सुरक्षा का महाकुंभ

37वें सड़क सुरक्षा माह का आगाजः NHIT और पुलिस ने वाहन चालकों को पहनाए हेलमेट। एसडीओपी अपूर्व भलावी ने दिलाई सुरक्षा की शपथ। देखिये कैसे बदला टोल प्लाजा का नजारा...

### चालान नहीं, मिला सम्मान और सुरक्षा!

मड़ई टोल प्लाजा पर अनोखी पहल। पुलिस और टोल प्रबंधन ने चालकों को रोककर दिए हेलमेट। ₹सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा₹ के संकल्प के साथ शुरू हुआ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह।

# इंदवाड़ी में सामाजिक मंगल भवन का भूमि पूजन एवं नववर्ष मिलन समारोह आज

### अखिल भारतीय गढ़वाल समाज मंडल इंदावाड़ी-भोमा ने सभी समाजिक बन्धुओं को उपस्थित होने का किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

अखिल भारतीय गढ़वाल समाज मंडल इंदवाड़ी (भोमा) के तत्वावधान में समाज के लिए निर्माणाधीन सामाजिक मंगल भवन का भूमि पूजन एवं नववर्ष मिलन समारोह आगामी 11 जनवरी 2026, रविवार को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम इंदवाड़ी (भोमा), जिला सिवनी (म.प्र.) में सुबह 10 बजे से किया जाएगा। यह भूमि पूजन कार्यक्रम स्वर्गीय श्रीमती इमरती बाई ब्रम्हे एवं स्वर्गीय श्रीमती सुलपत बाई भजेकर के वंशजों द्वारा दान की गई भूमि पर संपन्न होगा। इस अवसर पर समाजजनों के आपसी मेल-मिलाप के साथ नववर्ष की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान भी किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सांसद भारती पारधी (बालाघाट-सिवनी), विधायक दिनेश राय (मुनमन) (सिवनी) एवं विधायक कमल मर्सकोले (बरघाट) उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय गढ़वाल समाज (महासभा) के अध्यक्ष रविन्द्र नागेश्वर विशिष्ट अतिथियों में सरपंच कु. विनिता मरावी, पूर्व अध्यक्ष अ.भा.ग.स. महासभा कमलेश अजीत, धर्मेंद्र वराड़े, क्षेत्रीय पूर्व अध्यक्ष सुंदरलाल नागोत्रा, क्षेत्रीय पूर्व अध्यक्ष रेतलाल शिवाले, क्षेत्रीय पूर्व अध्यक्ष राजकुमार ब्रम्हे एवं बरघाट क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोज दयाशंकर अजीत शामिल रहेंगे। आयोजन समिति ने समाज के समस्त बंधुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। समिति के अनुसार सामाजिक मंगल भवन के निर्माण से समाज को एक सशक्त सांस्कृतिक एवं सामाजिक केंद्र मिलेगा, जिससे सामाजिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय गढ़वाल समाज मंडल इंदवाड़ी (भोमा), जिला सिवनी द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन समाज की एकता, विकास और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## वतन आज हिन्दी सजा कर चले हैं ,जगत विज्ञ भाषा बता कर चले है- डॉं चतुर्वेदी

# डी पी सी ला एवं एस एस सी शिक्षा महाविद्यालय में सम्पन्न हुआ विश्व हिन्दी दिवस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 10 जनवरी 2026 दिन शनिवार को दोपहर 12 बजे एस एस सी शिक्षा महाविद्यालय ड्रीमलैंड सिटी कटंगी रोड सिवनी के सभागार में डी पी चतुर्वेदी विधि महाविद्यालय एवं एस एस सी शिक्षा महाविद्यालय सिवनी के संयुक्त तत्वावधान में विश्व हिंदी दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगदीश तपिश वरिष्ठ साहित्यकार कवि, रमेश श्रीवास्तव चातक शिक्षाविद्,वरिष्ठ साहित्यकार कवि, नाथूराम धुर्वे शिक्षाविद्, समाजिक कार्यकर्ता, अरविन्द अग्रवाल मानव वरिष्ठ साहित्यकार कवि, घूरसिंह चिरौंजे,वरिष्ठ साहित्यकार कवि ,डॉं रामकुमार चतुर्वेदी संचालक डी पी चतुर्वेदी विधि महाविद्यालय एवं एस एस सी शिक्षा महाविद्यालय सिवनी, शिक्षाविद्, वरिष्ठ साहित्यकार कवि, व्यंग्यकार, एडवोकेट अखिलेश यादव सदस्य बाल कल्याण समिति सिवनी, शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी से ओमप्रकाश सरवरिया अंग्रेजी विषय के विभागाध्यक्ष,डॉं हेमराज नागवंशी हिंदी



विषय के विभागाध्यक्ष , श्रीमति राजदा खान साहित्यकार व शिक्षक हाई स्कूल सिवनी , श्रीमति अनीसा कौसर साहित्यकार,कवि व शिक्षक हाई स्कूल सिवनी, राजेन्द्र तिवारी जी साहित्यकार कवि, नरेंद्र नाथ चट्टान साहित्यकार कवि थे।

आयोजन की भूमिका अजय चतुर्वेदी प्रबंधक डी पी सी ला एवं एस एस सी शिक्षा महाविद्यालय सिवनी,सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी प्राध्यापक श्रीमति अन्नपूर्णा मिश्रा ने संचालन किया। आयोजन के संयोजन में एस एस सी शिक्षा महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमति निधि चतुर्वेदी प्राध्यापक श्रीमति अन्नपूर्णा मिश्रा, डॉं महेंद्र नायक, देवीसिंह निर्मलकर, दीपक पटले रामेश्वर पांडे, अनिकेत अहिरवार, श्रीमति वैशाली नीलेश गौडिया,एस एस सी शिक्षा महाविद्यालय के प्राध्यापक श्रीमति सीमा सिंगौतिया, श्रीमति ममता बाबरिया, श्रीमति चारूलता सिसोदिया, गौरव सिसोदिया, शिवदत्त पांडे, अक्षय डोंगरे, सुनील रजक,श्री राजकुमार यादव ,श्रीमति कामनी श्रीवास्तव, श्रीमति प्रियंका सोनी, क्षितिज ठाकुर, कुलदीप परमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विश्व हिन्दी दिवस पर एस एस सी शिक्षा महाविद्यालय सिवनी डी पी सी विधि महाविद्यालय सिवनी,पी जी कालेज सिवनी,श्री राम आदर्श विद्यालय सिवनी के लगभग 26 विधार्थियों ने अपनी रोचक ओजपूर्ण रचनाएं प्रस्तुत की जो इस क्रम में हैं -जिशान मंसूरी बी ए बी एड ,आंशी मेश्राम बी एस सी बी एड ,गौरव चौरसिया एल एल बी प्रथम सेमेस्टर ,पवित्र कश्यप बी ए एल एल बी चतुर्थ सेमेस्टर ,हर्ष वर्धन सिंह बी एस सी बी एड ,त्रिशा साकरे बी एस सी बी एड,निशांत वैष्णव एल एल बी प्रथम सेमेस्टर,कृतिका पटले एल एल बी प्रथम सेमेस्टर,पलक टेंभरे बी ए बी एड ,आर्या तिवारी कक्षा 8 वी श्रीराम आदर्श विद्यालय ,नेहा परते डी एल एंड ,मोहित श्रीवास्तव एल एल बी षष्ठम सेमेस्टर,अंजली पंचेश्वर बी ए एल एल बी आई सेमेस्टर ,अंजली चौरसिया और निशी श्रीवास्तव बी ए बी एड ,कार्तिक श्रीवास्तव बी ए एल एल बी प्रथम सेमेस्टर ,अनुश्री सोनी बी ए बी एड, विपाशा ठाकुर बी एस सी बी एड ,चंचल सनोडिया बी ए एल एल बी प्रथम सेमेस्टर ,आराधना सूर्या बी ए एल एल बी प्रथम सेमेस्टर,-सीमा पारधी बी एस सी पी जी कालेज सिवनी ,काजल चक्रवर्ती बी ए एल एल बी प्रथम सेमेस्टर ,गौरव कोरी बी एस सी बी एड ,अनमोल रूसे बी एस सी बी एड ,दीक्षा पटले बी एस सी बी एड अंतिम सेमेस्टर ,दीक्षा बघेल बी एस सी बी एड,पलक पटले बी एस सी बी एड,।

आयोजन को प्रतियोगिता के रूप में किया गया था जिसमें निर्णायक मंडल के निर्णय के अनुसार प्रथम स्थान आर्या तिवारी कक्षा 8 वीं श्रीराम आदर्श विद्यालय सिवनी , द्वितीय स्थान त्रिशा साकरे बी एस सी बी एड, तृतीय स्थान गौरव कोरी बी एस सी बी एड ने प्राप्त किया। अतिथियों के द्वारा विजयश्री प्राप्त करने वाले विधार्थियों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।मंचासीन अतिथियों के द्वारा हिन्दी, हिंदी भाषा उसके महत्व व वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर प्रकाश डालकर, अपनी अपनी प्रतिनिधि रचनाओं का पाठ भी किया। आभार प्रदर्शन संस्था प्रमुख डॉं रामकुमार चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

# कलेक्टर एवं एसपी ने नवीन कर्माझिरी ग्राम पहुंचकर लिया पुनर्वास कार्यों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता ने कुरई विकासखंड में नवीन रूप से बसाए जा रहे नवीन कर्माझिरी ग्राम का भ्रमण कर चल रहे पुनर्वास एवं विकास कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विस्थापित परिवारों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं सुझावों को जाना। इस अवसर पर ग्रामीणों ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता सहित अन्य अधिकारियों का खुले दिल से



स्वागत किया। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने ग्राम में आवास निर्माण, पेयजल, विद्युत, सडक़, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आजीविका से जुड़ी व्यवस्थाओं की स्थिति की जानकारी ली। ग्रामीणों द्वारा दिए गए सुझावों को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यों में गुणवत्ता, समय-सीमा एवं समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि विकास कार्यों को तेजी से पूर्ण करते हुए नवीन कर्माझिरी ग्राम को सभी मूलभूत सुविधाओं से युक्त एक आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा।निरीक्षण के दौरान उप संचालक पेंच टाइगर रिजर्व रजनीश सिंह, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) प्रशांत उइके सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अच्छी खबरः जिला सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) में,हजारों की संख्या में कंप्यूटर ऑपरेटर के पदों पर भर्तियाँ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश सरकार के जिला सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) में,हजारों की संख्या में कंप्यूटर ऑपरेटर के पदों पर भर्तियाँ निकली हैं! सभी पदों के लिए कंप्यूटर डिप्लोमा डीसीए, पीजीडीसीए एवं कंप्यूटर डिग्री बीसीए अनिवार्य।कंप्यूटर ऑपरेटर रेगुलर,कंप्यूटर ऑपरेटर संविदा एवं सोसाइटी मैनेजर की लगभग 1763 पदों के




लिए एक वर्षीय कंप्यूटर डिप्लोमा – DCA,PGDCA एवं कंप्यूटर डिग्री बीसीए अनिवार्य है।ये भर्तियां प्रदेश के सभी जिलों में होना है।सिवनी जिले के लिए 26 पोस्ट रखी गई है।वेतनमान 19,200 से 62,500 निर्धारित किया गया है। आवेदन दिनांक 06 जनवरी 2026 से 05 फरवरी 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से भरे जा सकते हैं।

# पुष्पेंद्र जी ने केवल शब्द नहीं बोले, बल्कि राष्ट्र की आत्मा की आवाज़ को सिवनी से पूरे राष्ट्र के लिये देकर गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

पुष्पेंद्र जी ने केवल शब्द नहीं बोले, बल्कि राष्ट्र की आत्मा की आवाज़ को सिवनी से पूरे राष्ट्र के लिये देकर गए है। उसके विचारों में देशभक्ति का बल था, उसकी वाणी में साहस और उसके शब्दों में सत्य का बल था। उन्होंने समाज को जोडऩे, जागृत करने की सही दिशा दी है। पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ जी का उद्देश्य केवल तालियाँ पाना नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में जनमानस की भूमिका तय करना था।



हिंदुत्व कोई संकीर्ण विचारधारा नहीं, बल्कि एक व्यापक जीवन दर्शन है। हिंदुत्व सत्य, अहिंसा, करुणा, सहिष्णुता और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। यह संस्कृति, संस्कार और सभ्यता का प्रतीक है, जो हजारों वर्षों से भारत की पहचान रही है। जब पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ जी ने अपनी वाणी से हिंदुत्व का भाव जोड़ा तब वह समाज कि प्रत्येक जाति को जोड़ते चले गए जो भविष्य के लिए मजबूत संकल्प देता है। ऐसे शब्द राष्ट्र को जाग्रत करते हैं, युवाओं को दिशा देते हैं और भारत की सनातन चेतना को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। सिवनी में पुष्पेंद्र जी को हजारों श्रोताओं ने अनेकों उदाहरण के साथ सुना और बहुत ही गहराई से समझा, सोशल मीडिया के माध्यम से लाखों लोगों तक उनके विचार पहुंचे यह कार्यक्रम प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से भी बढक़र था इसका पूरा श्रेय हिंदू सेवा परिषद के युवा शुभम मेहरा(जिला अध्यक्ष हिन्दू सेवा परिषद )धनराज मानाठाकुर (प्रदेश सह सचिव )स्वयं तिवारी (जिला महामंत्री ) और संगठन की पूरी टीम जिन्होंने वह कार्य करके दिखाया ओर बड़े से बड़े व्यक्तियों को सोचने पर मजबूर कर दिया जो आज भी चर्चा का विषय है हमने भी बहुत करीब से देखा और सुना कार्यक्रम की जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है संगठन के सभी पदाधिकारी को बहुत-बहुत धन्यवाद ।

# खेलो एमपी यूथ गेम्स के आयोजन को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न

### संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार खेलो एमपी यूथ गेम्स के आयोजन के लिए कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

खेलो एमपी यूथ गेम्स अंतर्गत आयोजित होने वाले खेलों के व्यवस्थित आयोजन एवं प्रतिभागी खिलाडिय़ों की सुविधाओं सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार विकासखंड लखनादौन में 12 एवं 13 जनवरी, कुरई में 15 एवं 16 जनवरी, सिवनी में 16 एवं 17 जनवरी, छपारा में 13 एवं 15 जनवरी, केवलारी में 14, 15 एवं 16 जनवरी, घंसौर में 16 एवं 17 जनवरी, धनौरा में 15 एवं 16 जनवरी तथा बरघाट 14, 15 एवं 16 जनवरी विकासखंड स्तरीय चयन/ट्रायल का आयोजन किया जायेगा।

15 जनवरी को टेनिस खेल एवं 16 जनवरी को मलखंब के लिए जिला स्तरीय चयन स्पर्धा आयोजित की जावेगी। शेष अन्य 19 खेल में हॉकी, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, खो-खो, तैराकी, टेबल-



टेनिस, कुश्ती, जूडो, शतरंज, वेटलिफ्टिंग, फुटबॉल, वालीबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, पिट्टू, बास्केटबॉल, योगासन, रस्साकसी, कबड्डी में जिला स्तरीय ट्रायल/चयन स्पर्धा का आयोजन 18 एवं 19 जनवरी को सर्व संबंधित जिला खेल संघों के सहायोग से आयोजित होंगे। उक्त सभी खेल के ट्रायल/चयन स्पर्धा हेतु विकासखंडों में उपलब्ध खेल मैदान में तथा जिला मुख्यालय में बड़ी पुलिस लाईन, मिशन स्कूल, हॉकी स्टेडियम, फुटबॉल स्टेडियम, श्री महावीर व्यायाम शाला, मॉर्डन स्कूल एवं द रायॅल ईकोल स्कूल में आयोजित कराया जाना है। ट्रायल/चयन स्पर्धा में शामिल होने के पूर्व प्रतिभागी खिलाड़ी का पोर्टल पर पंजीयन होना अनिवार्य है। पंजीयन न होने की स्थिति में खिलाड़ी ऑफ लाईन फार्म भरकर विकासखंड स्तर में शामिल हो सकता है, किंतु जिला स्तर में शामिल होने के पूर्व ऑनलाईन पंजीयन अनिवार्य है क्योंकि विकासखंड से चयनित खिलाडिय़ों को जिला स्तर हेतु ऑनलाईन अग्रेषित किया जायेगा। इसी प्रकार अगले उच स्तर पर चयन होने की स्थिति में चयनित खिलाडिय़ों को अगले उच स्तर में भी ऑनलाईन फारवड किया जावेगा। ऐसी स्थिति में ऑनलाईन पंजीयन न होने पर खिलाड़ी का उच स्तर में शामिल होना सभव नहीं होगा। अतः विकासखंड से चयनित समस्त खिलाडिय़ों का उक्त लिंक के माध्यम से पंजीयन होना अनिवार्य है, पंजीयन हेतु जन्म प्रमाण पत्र अथवा 10 वीं बोर्ड क्लास की अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं पासपोर्ट साईज का फोटो ऑनलाईन संलग्न/अपलोड करना होगा।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने निष्पक्ष रुप से जिले से प्रतिभावान खिलाडिय़ों का चयन किये जाने की अपेक्षा करते हुये आपसी समन्वय के साथ सफलतापूर्वक आयोजन सम्पन्न किये जाने हेतु सभी को शुभकामनायें प्रेषित की। उक्त आयोजित बैठक में, श्रीमती मनु धुर्वे, जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी , जिला चिकित्सा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला जन संपर्क अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिवनी व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी तथा जिला खेल संघों के पदाधिकारी , शिक्षा विभाग व जन जातीय कार्य विभाग के खेल प्रशिक्षक, वरिष्ठ खिलाड़ी एवं खेल और युवा कल्याण विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

## प्राचार्य को हटाने की शिकायत, लगाए गंभीर आरोप

# लामता कॉलेज के विद्यार्थी हुए लामबंद!



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के शासकीय महाविद्यालय लामता में विद्यार्थियों ने प्राचार्य सुनीता वैद्य को हटाने की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और छात्र-छात्राओं की शिकायत के बाद एक जांच दल महाविद्यालय पहुंचा। प्राचार्य पर आर्थिक अनियमितता, जातिगत भेदभाव और धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

जांच दल में पूर्व पीजी कॉलेज प्राचार्य डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव और कन्या मह3ाविद्यालय प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर शामिल थे। दल ने महाविद्यालय के विभिन्न विभागों, कक्षाओं और उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित दस्तावेजों की भी गहन पड़ताल की। इस दौरान विद्यार्थियों के बयान दर्ज किए गए और प्राचार्य से स्पष्टीकरण मांगा गया।

जांच टीम प्रभारी डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यार्थियों के बयान और प्राचार्य के स्पष्टीकरण के आधार पर एक प्रतिवेदन तैयार किया गया है। यह रिपोर्ट उच्च शिक्षा आयुक्त कार्यालय को सौंपी जाएगी, जहां से इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

छात्र नेता प्रतीक चौधरी ने बताया कि प्राचार्या एक विशेष जाति का पक्ष लेती हैं और अन्य जाति के छात्र-छात्राओं के साथ जातिगत भेदभाव करती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्राचार्या छात्रों को टीसी देने का दबाव बनाती हैं और सीसी में कम नंबर देने की धमकी भी देती हैं। इसके अतिरिक्त, महाविद्यालय में खरीदी को लेकर कई आर्थिक अनियमितताएं की गई हैं, जिससे शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हो रहा है।

महाविद्यालय के छात्रों ने प्राचार्य की कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने जांच दल के सामने शैक्षणिक व्यवस्था, प्रशासनिक निर्णयों और महाविद्यालय संचालन से संबंधित कई शिकायतें रखीं। छात्रों ने महाविद्यालय में स्वच्छता, साफ-सफाई और पेयजल की समस्याओं का भी उल्लेख किया। हालांकि, छात्र-छात्राओं द्वारा लगाए गए इन आरोपों के संबंध में महाविद्यालय की प्राचार्या सुनीता वैद्य ने इस पूरे मामले पर चुप्पी साधे रखी।

## ई-विकास पोर्टल के उपयोग हेतु उर्वरक विक्रेताओं को दिया गया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रदेश में दिनांक 15 जनवरी 2026 से लागू की जा रही ई-विकास (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) प्रणाली के सुचारु क्रियान्वयन के लिए उर्वरक विक्रेताओं का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय के मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण 10 जनवरी 2026 को राजाभोज कृषि महाविद्यालय, मुरझड़ (वारासिवनी) के सभागार में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, बालाघाट के अंतर्गत जिले की सभी समितियों के प्रबंधक, जिला विपणन अधिकारी के विक्रेता एवं प्रबंधक, एमपी एग्रो बालाघाट, तथा जिले में कार्यरत थोक एवं फुटकर निजी उर्वरक विक्रेता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान जिले के कृषकों को बिना किसी परेशानी के उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु ई-विकास पोर्टल के माध्यम से ई-टोकन जारी करने की प्रक्रिया तथा ई-टोकन के आधार पर किसानों को उर्वरक वितरण की संपूर्ण कार्यप्रणाली का विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में पोर्टल के उपयोग, इन्वेंट्री प्रबंधन, पारदर्शी वितरण एवं समयबद्ध आपूर्ति पर विशेष जोर दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री अमरेश परिहार (इन्वेंटरी मैनेजर, फर्टिलाइजर), श्री एम.एल. यादव (प्रभारी विपणन अधिकारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, बालाघाट), श्री रत्नेश झींगुदर (कंपनी प्रतिनिधि, इफको फर्टिलाइजर), श्री सुनील बागड़े (कृषि विकास अधिकारी) तथा कृषि विस्तार अधिकारी श्री धर्मेंद्र भिवगड़े, श्री विकास चौधरी, श्री दीपक तुरकर एवं श्री प्रणीश डोंगरे उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण के माध्यम से विक्रेताओं को ई-विकास प्रणाली के प्रभावी उपयोग हेतु सक्षम बनाया गया, जिससे आगामी रबी एवं खरीफ मौसम में किसानों को उर्वरक की निर्बाध एवं पारदर्शी आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

## तिरोड़ी में विधिक जन-जागरूकता कार्यक्रम हुआ संपन्न



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** शासकीय वीरांगना रानी दुर्गावती महाविद्यालय के विद्यार्थियों को कानून से संबंधित सामान्य बातों से परिचित कराने और डॉन यानी ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनेस नेविगेशन- फॉर ए ड्रग फ्री इंडिया योजना की जानकारी देने के लिए शनिवार को महाविद्यालय परिसर में विधिक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। नालसा नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिलाध्यक्ष जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्राणेश कुमार प्राण और सचिव सतीश शर्मा के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय कटंगी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति श्रीमती नेहा ठाकुर ने विधिक जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कानून से जुड़ी जानकारी प्रदान की। न्यायाधीन ने बताया कि डॉन योजना अंतर्गत 05 जनवरी से 12 जनवरी यानी स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस तक विधिक जन-जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमें विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आम जन मानस को कानूनी जानकारी प्रदान की जा रही है।

न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती नेहा ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर वर्ष 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर पूरे देश में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद एक महान संत और विचारक थे। जिन्हांने युवाओं को राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति बताया। उन्होंने आत्मविश्वास, कठिन परिश्रम, और निःस्वार्थ सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी और युवा ही राष्ट्र की रीढ़ होती यह साफ संदेश दिया। स्वामी विवेकानंद का संदेश बेहद स्पष्ट था " उठो जागो और लक्ष्य प्राप्त करो" अनुशासन, कड़ी मेहनत आत्मविश्वास से हर बाधा पार की जा सकती है। समस्याओं से भागो मत, उनका सामना करो। स्वयं पर भरोसा और सेवा भाव के साथ युवा आत्मनिर्भर बन सकते है। युवाओं के लिए अवसर असीमित है, पर्यावरण की रक्षा करें, और समाज सेवा में योगदान दे। उन्होंने विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, साइबर सुरक्षा, महिला एवं बाल अपराध, मोबाइल के दुष्परिणाम, मौलिक अधिकार, मूल कर्तव्य और मोटर व्हीकल एक्ट आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

### वन परिक्षेत्र बालाघाट के अंतर्गत आता है पर्यटन स्थल गांगुलपारा

## गांगुलपारा के पंडाल झरने में संपन्न हुआ अनुभूति कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

निथ्यानंदम एल वनमंडल अधिकारी दक्षिण बालाघाट सामान्य के मार्गदर्शन में बालाघाट सा0 परिक्षेत्र के अंतर्गत 10 जनवरी 2026 को अनुभूति कार्यक्रम गांगुलपारा वन कक्ष क्र 133 में आयोजित किया गया। जिसमें मैं भी बाघ, हम है बदलाव, हम है धरती के दूत थीम पर जानकारियों से सांदिपनी विद्यालय बालाघाट, पी एम श्री शासकीय उच्तर माध्यमिक विघालय बूढ़ी बालाघाट, शासकीय उच्चतर माध्यमिक बिद्यालय भटेरा चौकी बालाघाट एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवेगांव के कक्षा 09 वीं से 11 वीं के कुल 131 स्कूली छात्र-छात्राओं को वन क्षेत्र में ट्रेकिंग सहित वनों के महत्व एवं अन्य जानकारी से अवगत कराया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमति भारती सुरजीत ठाकुर अध्यक्ष नगर पालिका बालाघाट, श्रीमति रश्मितारा कावरे सरपंच टेकाड़ी, उपवनमण्डल अधिकारी उपवनमण्डल बालाघाट सा. श्रीमति विनीता फूलबेल, वन परिक्षेत्राधिकारी हिमांशु राय, जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा, नरेश धुवारे जिलाध्यक्ष जिला एथलेटिक्स एशोसिएशन संघ बालाघाट,वन सुरक्षा समिति केरा अध्यक्ष नेहरु गाडेश्वर,मंझारा अध्यक्ष कनश नगपुरे,पिपरटोला अध्यक्ष धनीराम मर्सकोले, पत्रकार शफीक खान, सलीम शाह,अलीम खान,यमलेश वंजारे एवं पंकज डहरवाल उपस्थित थे। विद्यार्थियों को वन भ्रमण के साथ-साथ ट्रेकिंग, वन्यप्राणियों के पगमार्क एवं विष्ठा, आदि से अवगत कराया गया। अशासकीय प्रेरक अनिस चार्ल्स, शासकीय प्रेरक मनीष कुमार सिन्हा उपवनक्षेत्रपाल, नरेन्द्र ठाकरे वनरक्षक एवं ओमप्रकाश दमाहे तथा अन्य वन कर्मचारियो द्वारा विद्यार्थियों को वनों का महत्व एवं वन्यप्राणियों तथा छोटे-छोटे कीट, पतंगों की सुरक्षा कैसे की जाये के संबंध में अनुभूति ब्रोसर अनुसार फील्ड में बताया गया तथा उनके महत्व को समझाया गया। मुख्य अतिथियों,उपवनमंडल अधिकारी एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी बालाघाट सामान्य द्वारा वन एवं वन्य प्राणियों से संबंधित रोचक तथ्यों से विद्यार्थियों को अवगत कराया और वन एवं वन्य प्राणियों संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी छात्र छात्राओं के साथ साझा की। अनुभूति कार्यक्रम के अंतर्गत अनुभूति ब्रोसर एवं फील्ड विजिट में छात्र-छात्राओं से जो जानकारी साझा की गई उन्ही अवधारणाओं पर आधारित एक प्रश्नोतरी का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर सांदीपनी विद्यालय के रौनक पटले,द्वितीय स्थान पर सांदीपनी विद्यालय के आदित्य वासनिक एवं तृतीय स्थान पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवेगांव के मोहित मसराम ने प्राप्त किया जिन्हे मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। अनुभूति कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7:30 समस्त छात्राओं के अनुभूति कार्यक्रम स्थल पर एकत्रण के साथ हुई जिसमें सर्वप्रथम उनको स्वल्पाहार परोसा गया एवं तत्पश्चात मास्टर ट्रेनर एवं अनुभूति प्रेरकों की अगुवाई में समस्त छात्र-छात्राओं को प्राकृतिक पथ भ्रमण के माध्यम से वन एवं वन्य प्राणियों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया गया एवं सतत और धारणीय जीवन शैली के प्रति जागरूक किया गया वन और वन्य प्राणियों की सुरक्षा और संवर्धन में जन सहभागिता के विषय पर जागरूक किया गया, प्राकृतिक पथ भ्रमण के पश्चात समस्त अनुभूति भागीदारों को भोजन परोसा गया एवं पर्यावरण हितैषी जीवन शैली अपनाने के लिए कुछ व्यावहारिक उपायों से अवगत कराकर सभी को प्रकृति संरक्षण में मानव की भूमिका से परिचित कराया गया। सहयोगी वन अमले का नाम सुधीर घोड़ेश्वर उपवनक्षेत्रपाल, शीतलकान्त हनवत वनपाल,श्रीमति तारा धुर्वे वनपाल, श्रीमति पुष्पा दाण्डेकर वनपाल, श्रीमति मीना पटले वनपाल, राकेश भगत वनपाल, वनरक्षक श्रीमति वर्षा पटले, दिलीप पालेवार, प्रकाश साहू, सुरभि शाक्य, जयराम घोरमारे, शोहेब सिद्धीकी, महेन्द्र राजोरिया, आयुष मर्सकोले, गोविन्द मर्सकोले, पंकज भारती, मुकेश हेड़ाऊ वनरक्षक।

## बैगा महोत्सव 2026 के अंतर्गत जोनल स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का सफल समापन

**बालाघाट।** बैगा महोत्सव 2026 के अंतर्गत आयोजित जोनल स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक समापन हो गया। इन प्रतियोगिताओं में लगभग 2500 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खिलाड़ियों के साथ-साथ दर्शकों में भी जबरदस्त जोश और उमंग देखने को मिली, जिससे पूरा वातावरण खेल भावना से सराबोर रहा। प्रतियोगिताओं के दौरान विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आयोजन स्थल पर पारंपरिक उत्साह, अनुशासन और आपसी भाईचारे का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। आयोजकों के अनुसार, 17 जनवरी को विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं के अंतर्गत नॉकआउट मुकाबले खेले जाएंगे, जबकि 18 जनवरी को प्रगति मैदान, मलाजखंड में भव्य फाइनल मुकाबला आयोजित किया जाएगा। विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन स्थल बैहर विकासखंड में खेल परिसर मैदान, बिरसा विकासखंड में शासकीय कन्या उमावि, बिरसा का खेल मैदान एवं परसवाड़ा विकासखंड में शासकीय कन्या उमावि, परसवाड़ा का खेल मैदान निर्धारित है। बैगा महोत्सव के माध्यम से जिले में खेल, संस्कृति और सामुदायिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

## लांजी में मकर संक्रांति का भव्य आयोजन: 14 से 17 जनवरी तक चलेगा आध्यात्मिक कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** श्री लक्ष्मी नारायण रामकृष्ण हरि मंदिर घोटी घुसमारा में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर 14 से 17 जनवरी तक आध्यात्मिक भक्ति ज्ञान यज्ञ सत्संग व सुरभि महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

श्री गुरुदेव सेवा समिति के आयोजक ने बताया कि 14 जनवरी को घट स्थापना के साथ अभिषेक पूजन अर्चन पश्चात सुरभि महायज्ञ का शुभारंभ होगा। संध्या बेला में सामुदायिक प्रार्थना ध्यान उपरांत गायत्री शक्ति पीठ किरणापुर टोली के मार्गदर्शन में दीप यज्ञ, सत्संग संपन्न होगा।

15 जनवरी को प्रातः ध्यान पूजा पश्चात दोपहर में ग्राम शोभायात्रा व मंदिरों में पूजन संपन्न कराया जाएगा। संध्या बेला में सामुदायिक प्रार्थना, सत्संग भजन के साथ कार्यक्रम संपन्न होंगे। 16 जनवरी को प्रातः ध्यान, यज्ञ उपरांत संतों की वाणी से सत्संग, प्रवचन व सायंकालीन ध्यान सत्संग आदि कार्यक्रम संपन्न होंगे। 17 जनवरी को प्रातः सामूहिक ध्यान, महायज्ञ की पूर्णाहुति उपरांत गौ पूजन आरती उपरांत महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।

आयोजक ने बताया कि प्राकृतिक खेती गौ रक्षण एवं गोपालकला सम्मेलन कार्यक्रम के समान पूर्व दोपहर की बेला में आमंत्रित अतिथियों की उपस्थिति में प्राकृतिक खेती, के साथ गौ माता के संरक्षण के अलावा विभिन्न विषयों पर विस्तार से परिचर्चा के अलावा आमंत्रित संत महात्माओं का सम्मान कर ब्रह्मलीन आत्माओं की श्रद्धांजलि देकर गोपालकला के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। श्री गुरुदेव सेवा समिति ने समस्त धर्मप्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।



## विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने 86 मॉडल किए प्रदर्शित

**वारासिवनी।** मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार प्रत्येक बच्चे में वैज्ञानिक सोच को विकसित करने के लिए विकासखंड वारासिवनी के बीआरसी सत्येन्द्र शरणागत के निर्देशन में शासकीय माध्यमिक शाला टिहलीबाई में विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### अवरोध को दूर करने सेतू संभाग विभाग के साथ किया निरीक्षण

# भटेरा आरओबी का निर्माण कार्य जल्द पकड़ेगा गति - नपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शहर की घनी आबादी वाले भटेरा क्षेत्र में आरओबी निर्माण को लेकर तकनीकी एवं ट्रॉफिक से जुड़ी समस्याएं आ सकती है इस इसलिए नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं आरओबी निर्माण को गति देने के लिये अवरोध को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। शुक्रवार 9 जनवरी को भटेरा निर्माण कार्य का नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, पार्षद कारो लिल्हारे, जैनेन्द्र कटरे एवं वार्डवासियों के साथ सेतू संभाग विभाग के एसडीओ अर्जुन सनोडिया की मौजूदगी में निरीक्षण किया। नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने बताया कि निर्माण एजेंसी द्वारा भटेरा ग्राम की दिशा से आरओबी का निर्माण प्रारंभ कर दिया गया है कुछ पिलर खड़े हुए है साथ ही सर्विस रोड को भी व्यवस्थित किया जा रहा है इसके अलावा साईड वॉल तैयार की जा रही है जिसे भी पूर्ण किया जाना है। उन्होंने बताया कि शहर की घनी आबादी वाला भटेरा क्षेत्र होने की वजह से यहां यातायात की समस्या को दूर करना चुनौतिपूर्ण है इसके लिये प्रशासन द्वारा डायवर्जन मार्ग का चयन किया गया है बोदा पाडन रोड पर अस्थाई रेलवे फाटक बनाया जा रहा है यहां पर बड़े नाले का निर्माण भी किया जा रहा है ताकि आगामी दिनों में इस रास्ते से रूट डायवर्ट किया जा सके। उन्होंने बताया कि अधिकारियों के साथ भू अधिग्रहण, दावा आपत्तियों का निपटान एवं अन्य तकनीकी बिंदुओं पर भी चर्चा की गई है।

### बनाया जायेगा अंडरपास एवं वैकल्पिक मार्ग

नपाध्यक्ष ने बताया कि आरओबी निर्माण के दौरान आवाजाही में दिक्कतें ना हो इसलिए अंडरपास का निर्माण किया जायेगा जिसकी भी ड्राईंग एवं डिजाइन तैयार हो चुकी है जैसे ही रूट डायवर्ट होता है तो फिर अंडरपास का निर्माण भी प्रारंभ कर दिया जायेगा। यातायात को व्यवस्थित करना हमारी प्राथमिकता है ताकि निर्माण कार्य प्रभावित ना हो। उन्होंने बताया कि सेंट मेरी स्कूल के सामने ने होते हुए बोदा पाडन रोड तथा यहां से आगे अंडरपास होते हुए भरवेली मार्ग तक प्रशासनिक रूप से डायवर्जन मार्ग का चिन्हांकन किया गया है। साथ ही पंप हाऊस गली होते हुए दुपहिया चालकों के लिये मार्ग भी सुविधाजनक हो यह प्रयास किये जा रहे है। नपाध्यक्ष ने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान नाले एवं नाली के पानी से अवरोध ना हो इसलिए भी प्लान तैयार किया गया है। यह सभी काम तेज गति से किये जाने के लिये आदेशित किया गया है। सेतू संभाग विभाग द्वारा बताया गया कि भू अधिग्रहण की प्रक्रिया हो चुकी है आगामी समय में दावा-आपत्तियों का निराकरण हो जाने के उपरांत आरओबी निर्माण को आगे बढ़ाने का काम प्रारंभ हो जायेगा। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष ने सभी पहलुओं को जाना तथा जल आवर्धन योजना की पाईप लाईन, सीवेज निकासी, नाले-नालियों का निर्माण एवं वैकल्पिक मार्ग आदि विषयों पर प्रत्यक्ष रूप से विभागीय अधिकारियों के साथ मंथन किया गया।

### 10 वर्षों से किसानों के खेतों तक नहीं पहुंच रहा नहर से पानी, फिर भी चुका रहे पानी का पैसा

# अमोली माइनर की नहर की जर्जर हालत पर, आंसू बहा रहे किसान







हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

विकासखंड लालबर्रा के अमोली माइनर की नहर जर्जर हालत में है। नहर जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गई है नहर को देखने से ऐसा पता चलता है कि विगत कई वर्षों से नहर की साफ सफाई और झाड़ियां कटाई का कार्य नहीं किया गया है जिससे किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है बावजूद किसानो के खेतों तक पानी नहीं आने पर भी पानी का पैसा वसूला जा रहा है जो बहुत ही दुर्भाग्य का विषय है। वही किसान चंदू बिसेन ने बताया कि 10 - 15 वर्षों से नहर से खेतों तक पानी नहीं आ रहा है और गवर्नमेंट है कि फर्जी पैसा वसूल रही है हम यह चाहते हैं कि हमारे खेतों तक पानी पहुंचाने की सुविधा कराई जाए नहीं तो जो पानी का पैसा हमसे लिया जा रहा है वह ना लिया जाए वहीं आमा टोला ददिया के दूसरे किसान किशोर पंचेश्वर ने बताया कि इस समय अमोली माइनर की नहर की हालत बहुत ही कंडम है नहर जगह-जगह क्षतिग्रस्त है विभाग द्वारा मरम्मत के नाम पर जेसीबी लगाकर लीपा पोती की जाती है 10 वर्ष पूर्व हमारे खेतों तक पानी पहुंचता था हमसे पानी का भी पैसा वसूला जाता है अगर नहर से पानी हमारे खेत तक पहुंचता तो बिजली कनेक्शन लेने की आवश्यकता नहीं होती हमारा तो दोनों तरफ से मरना है एक तरफ पानी का पैसा भी पटाओ और दूसरी और बिजली का कनेक्शन भी लो जिससे हमारी आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है कर्ज तले है हम लोग,, हमारी मांग है कि हमारे खेतों तक नहर से पानी पहुंचाया जाए नहीं तो पानी का पैसा माफ किया जाए। ऐसे अनेकों किसानों ने बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीणा से अमोली माइनर की नहर की जर्जर स्थिति और किसानों को हो रही समस्या का ध्यान देने की गुहार लगाई है कलेक्टर महोदय के ध्यान देने से जल्द से जल्द किसानों के खेतों तक नहर का पानी पहुंच सकेगा। अब अन्नदाताओं की आस सिर्फ बालाघाट कलेक्टर पर टिकी हुई है। देखना होगा कि बालाघाट कलेक्टर किसान हित में नहर सुधार के लिए क्या पहल करते हैं।